दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 321
कोटद्वार रविवार
2 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## 10 माह बाद जेल से निकले नवजोत सिद्धू

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू शनिवार को दस माह बाद पटियाला की सेंट्रल जेल से रिहा हो गए। 59 वर्षीय कांग्रेस नेता सिद्धू ने 1988 के रोड रेज के मामले में एक साल की सजा काटी। पिछले साल 20 मई को सुप्रीम कोर्ट के एक साल सश्रम कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद सिद्धू ने पटियाला की एक अदालत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। उनके समर्थक सुबह से ही पटियाला जेल के बाहर जुटने लगे थे। ढोल वालों को भी बुलाया गया था। इसके बाद सिद्धू की रिहाई का इंतजार शुरू हुआ। पहले दोपहर 12 बजे उन्हें रिहा करने की बात कही जा रही थी, लेकिन पेपर वर्क पूरा होते होते शाम हो गई। शाम छह बजने से कुछ मिनट पहले सिद्धू जेल से बाहर निकले। समर्थकों की नारेबाी पर सिद्धू ने झुककर उनका अभिवादन किया।

बाहर आने के बाद सिद्धू ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि सत्य को दबाने का प्रयास सफल नहीं हो सकता। आज लोकतंत्र बेड़ियों में है। सिद्धू ने कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लाने की साजिश की जा रही है। अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। पंजाब को कमजोर करने की कोशिश की तो कमजोर हो जाओगे। अभी लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है।

उन्होंने कहा कि मुझे दोपहर के आसपास रिहा किया जाना था लेकिन उन्होंने इसमें देरी की। वे चाहते थे कि मीडिया के लोग चले जाएं। इस देश में जब भी कोई तानाशाही आई है तो एक क्रांति भी आई है और इस बार उस क्रांति का नाम है राहुल गांधी. वह सरकार को हिला देंगे। पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने सिद्धू की रिहाई से पहले एक ट्वीट कर उनका स्वागत किया। वड़िंग ने ट्वीट किया– नवजोत सिंह सिद्धू का स्वागत है।

## देश में बाघों को बचाने की शुरुआत इंदिरा गांधी ने 50 साल पहले की थी : जयराम रमेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि देश में बाघों के बचाव और टाइगर रिजर्व अब समृद्ध करने का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दिया। कांग्रेस नेता ने शनिवार को कहा आज से 50 साल पहले इंदिरा गांधी ने कॉर्बेट में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की थी। तब 9 टाइगर रिजर्व थे, आज 53 हैं। जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, गिर लायन प्रोजेक्ट लॉन्च करने के 15 महीने बाद, आज से ठीक 50 साल पहले इंदिरा गांधी ने कॉर्बेट में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की थी, तब 9 टाइगर रिजर्व थे, आज 53 हैं।

टाइगर रिजर्व अब समृद्ध वन क्षेत्रों का एक तिहाई है।देश में टाइगर प्रोजेक्ट की शुरुआत 1973 में हुई थी।

जबकि एलीफेंट प्रोजेक्ट वर्ष 1992 में लॉन्च हुआ था। अप्रैल में टाइगर प्रोजेक्ट के पचास साल और एलीफेंट प्रोजेक्ट के तीस साल पूरे होने के मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय एक कार्यक्रम करने की तैयारी में है।

## हावड़ा में भड़की हिंसा को लेकर एक्शन में सरकार, अब सीआईडी करेगी जांच

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हुई हिंसा के बाद से राजनीति अपने चरम पर है। वहीं इसके बाद पश्चिम बंगाल के हावड़ा में भड़की हिंसा को लेकर एक्शन तेज हो गया है। हिंसा की जांच अब सीआईडी करेगी। राम नवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव हुआ था। पुलिस पर भी पत्थर फेंके गये। राज्यपाल ने सीएम से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। हिंसा के बाद हावड़ा में इंटरनेट सेवा सस्पेंड कर दी गई है।

# आंधी और बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी, गेहूं की फसल बर्बाद

**बाजपुर (उधमसिंह नगर)।** आंधी और बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खटीमा, बाजपुर में गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं रुड़की लक्सर व आसपास के क्षेत्रों में हजारों हेक्टेयर फसलों को नुकसान पहुंचा है। ज्यादा नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है। बागों में आए बौर के झड़ जाने से बागवानों को भी नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों और बागवानों ने सरकार व प्रशासन से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग की है।

रुड़की में एक सप्ताह पहले आंधी और बारिश ने किसानों की करीब 10 फीसदी फसल को नुकसान पहुंचाया था। किसान उस झटके से अभी उबर ही पाए थे कि एक बार फिर आंधी के बाद बारिश से गेहूं व सरसों की फसल जमीन पर गिर गई। किसान शिवकुमार गर्ग, विक्रम सिंह, मेघराज और सैदाबाद का कहना है कि सरसों की जो फसल खेत में पड़ी थी वह पानी भरकर बेकार हो गई।

मसूर व मटर की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इस समय गेहूं की फसल में बाली आ गई थी और गेहूं पकने के लिए तैयार था। इस बारिश से किसानों की करीब 30 फीसदी गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान होने का अनुमान है। हालांकि सर्वे के बाद ही नुकसान का सही आकलन हो पाएगा।

नारसन के किसान किरणपाल कुमार, संदीप कुमार व सुरेंद्र, जयदीप, सुंदर आदि का कहना है कि तेज बारिश से गन्ना बुआई में देरी हो रही है। वहीं गेहूं की फसल खराब हो गई है। उधर, झबरेड़ा क्षेत्र में भी तेज अंधड़ में सरसों की कटी पड़ी फसल खेतों में दूर तक उड़ गई। सरसों की फसल की कटाई के समय बारिश होने से सरसों की थ्रेसिंग करना मुसीबत बना हुआ है। सहायक कृषि विकास अधिकारी राजबीर ने बताया कि बेमौसमी बारिश से गेंहू व सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। इससे उत्पादन व गुणवत्ता दोनों प्रभावित होंगे।




**पहली बार हुई बारिश से किसानों की करीब दस फीसदी नुकसान का अनुमान था। दोबारा आंधी बारिश से गेहूं और सरसों की फसलें गिर गई हैं। इससे किसानों को 20 से 30 फीसदी नुकसान का अनुमान है। नुकसान का सही आकलन सर्वे के बाद ही हो पाएगा। सर्वे रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजकर किसानों को मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।**
**—विजय देवराड़ी, मुख्य कृषि अधिकारी**

वहीं खानपुर और भगवानपुर के किसान ईलम चंद शर्मा, संजय चौधरी, मदन सिंह, अरुण पंवार, बचन सिंह आदि का कहना है कि इस नुकसान से किसानों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो जाएगा। उपजिलाधिकारी गोपालराम बिनवाल ने बताया कि पहले हुई बारिश का भी सर्वे कराया गया था। इस बारिश और तूफान से हुए नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाए जाने की व्यवस्था की जाएगी। भगवानपुर क्षेत्र के ग्राम डाडा जलालपुर, बहबलपुर, गी शहीदपुर, हसनपुर मदनपुर, मक्खनपुर, करौंदी, पुहाना, रुहालकी दयालपुर के किसानों का कहना है कि आंधी ने छह महीने की मेहनत पर पानी फेर दिया है।

## बेमौसमी बारिश से 33 फीसदी फसल हुई बर्बाद, काश्तकारों की बढ़ी चिंता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बेमौसमी बारिश से कोटद्वारभाबर समेत पर्वतीय क्षेत्र में फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। अब तक 33 प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई है। गेहूं, मटर, चना, मसूर आदि की फसलों कोभारी नुकसान पहुंचा है। फसल बर्बाद होने से काश्तकारों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। अचानक हो रही बारिश व तेज हवाओं का असर सबसे अधिक फसल पर देखने को मिल रहा है। बेमौसम हो रही बारिश से सबसे अधिक परेशानी काश्तकारों को हो रही है। तूफान और बारिश से जहां गेहूं, मटर, चना, मसूर की कटी और खड़ी फसलें खराब हो गई हैं। वहीं, बागवानी कोभी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के चलने से आम, लीची की बौर, नींबू, माल्टा, खुबानी आदि के फल झड़ गए। पार्षद एवं किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष सुखपाल शाह ने कहा कि बेमौसमी बारिश से काश्तकारों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं, कृषि अधिकारी अरविंदभट्ट ने बताया कि बारिश से जहां कोटद्वारभाबर में कटी और खेतों में खड़ी गेहूं व अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं पर्वतीय क्षेत्र मेंभी फसलें प्रभावित हुई हैं। बारिश से 33 फीसदी फसलें खराब हुई हैं। काश्तकारों को हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।



## राहुल गांधी की बढ़ी सकती है मुश्किल, पटना के बाद अब हरिद्वार न्यायालय में मानहानि का वाद दायर

**हरिद्वार** । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मुश्किल कम होती नजर नहीं आ रही हैं। राहुल गांधी की पहले लोकसभा से सदस्यता खत्म हुई। अब हरिद्वार न्यायालय में उनके खिलाफ मानहानि का वाद दायर हुआ है। वाद आरएसएस के कार्यकर्ता कमल भदौरिया की ओर से दायर किया गया है। हरिद्वार जिला एवं सत्र न्यायालय में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट द्वितीय शिव सिंह की अदालत में मानहानि के वाद को प्रकीर्ण वाद के रूप में स्वीकार करते हुए 12 अप्रैल को सुनवाई निर्धारित की है। कमल भदौरिया ने वाद में कहा कि आरएसएस देश में आपदा और कठिन से कठिन परिस्थितियों में आम लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान देता है। जिससे उनकी भावनाएं आरएसएस के साथ जुड़ी हैं। राहुल गांधी ने 9 जनवरी 2023 में कुरुक्षेत्र अंबाला में एक बयान में आरएसएस को 21वीं सदी का कौरव बताया था। यह भी कहा था कि आज के कौरव खाकी हाफ पैंट पहनते हैं। हाथों में लाठियां लेते हैं। शाखा लगाते हैं। 2 से 3 सबसे अमीर अरबपति कौरवों के साथ खड़े हैं। कनखल के रुद्र विहार निवासी कमल ने वाद में कहा कि राहुल गांधी के बयान से आरएसएस के कार्यकर्ता होने के नाते वो आहत हुए हैं।

# स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर ध्यान दिया जाए : सीएम

### राजस्व वृद्धि वाले क्षेत्रों को रखा जाए प्राथमिकता पर, एप्पल और कीवी मिशन पर तेजी से कार्य किये जाए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** 2025 तक उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए विभागों का जो लक्ष्य निर्धारित है, उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभागों ने अब तक धरातल पर किये गये कार्यों तथा भविष्य की कार्ययोजना पर तेजी लाने के लिए विभागों की नियमित समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड @25 के अन्तर्गत विभागों की कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए और प्रयासों की जरूरत है। स्थानीय उत्पादों की ब्राडिंग और मार्केटिंग पर ध्यान दिया जाए। एप्पल और कीवी मिशन पर तेजी से कार्य किये जाएं। पर्वतीय क्षेत्रों में ऐरोमेटिक प्लांट की खेती को बढ़ावा दिया जाए। राज्य में उच्च शिक्षण संस्थानों में डिग्री कोर्स के अलावा कौशल विकास से सबंधित डिप्लोमा कोर्स संचालित किये जाने पर भी ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर जिन क्षेत्रों में दक्ष मानव संसाधन की मांग बढ़ी हैं, ऐसे क्षेत्रों में राज्य के युवाओं के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो चुका है। सभी विभागों की जल्द ही 31 मार्च 2024 तक की कार्ययोजना, लक्ष्य एवं राजस्व वृद्धि के लिए विभागों द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं, इसकी समीक्षा की जायेगी। राज्य के पर्वतीय जनपदों की आय में वृद्धि के लिए इस क्षेत्र में लोगों की आजीविका सुधार के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में लोगों की आजीविका बढ़ाने एवं राजस्व वृद्धि के लिए तैयार की जा रही कार्य योजना के तहत जो कार्य होने हैं, उनमें सेक्टरवार तेजी लाई जाए। इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। 2025 तक राज्य के लिए हम क्या महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं, सभी विभाग इस पर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन, कृषि, उद्यान, उद्योग के क्षेत्र में कार्य करने के लिए अनेक संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में लघु समयावधि की कार्ययोजना के साथ ही 2030 तक और क्या बेहतर किया जा सकता है, इस दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। इन क्षेत्रों से जहां राज्य में लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, राज्य की जीडीपी में भी तेजी से वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कुमांऊ क्षेत्र में कुछ ऐसे नये पर्यटक एवं धार्मिक स्थल विकसित किये जाएं कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु, गढ़वाल के साथ कुमांऊ के नैसर्गिक सौन्दर्य का आनन्द भी ले सकें। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एसएस सन्धु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, सचिव श्री आर मीनाक्षी सुन्दरम, शैलेश बगौली, डॉ .पंकज कुमार पाण्डेय, विजय कुमार यादव, एसएन पाण्डेय, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, मैकेन्जी से सीनियर पार्टनर अमित खेर, अभिषेक बावेल एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 2030 तक सेब की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार ने रखा लक्ष्य

बैठक में दिये गये विस्तृत प्रस्तुतीकरण में जानकारी दी गई कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र में 2030 तक विभिन्न गतिवधियों पर आधारित कार्य किये जायेंगे। देवभूमि उत्तराखण्ड में प्रतिवर्ष 1 करोड़ पर्यटक एवं श्रद्धालुओं का आगमन हो, इसके लिए व्यापक कार्ययोजना पर कार्य हो रहा है। इससे राज्य में 5 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके लिए राज्य में नये पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों को विकसित करने के साथ ही अवस्थापना सुविधा के विकास पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। होम स्टे को तेजी से बढ़ावा दिया जायेगा। 2030 तक सेब की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार ने 1500 से 2000 करोड़ का अतिरिक्त निवेश करने का लक्ष्य रखा है, जिससे 2500 करोड़ की अतिरिक्त जीडीपी बढ़ने का अनुमान है। इससे लगभग 30 हजार किसानों की आय में 10 गुना तक वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# अमृतपाल सिंह का यूपी से लिंक? जांच के बाद पुलिस की यहां हो रही छापेमारी

**रुद्रपुर।** खालिस्तान समर्थक और 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह अभी तक पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। पंजाब, यूपी, दिल्ली सहित कई राज्यों की पुलिस भगोड़े को तलाशन में पूरी कोशिश करी रही है। खूफिया विभाग के इनपुट को भी साथ लेकर कई संभावित इलाकों में छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है।

नेपाल भागने के अपडेट पर उत्तराखंड पुलिस द्वारा यूपी बॉर्डर को सील किया गया है। यूपी बॉर्डर पर पुलिस पर आने–जाने वाले सभी यात्रियों की आईडी की चेक की जा रही है। बॉर्डर पार करने वाली गाड़ियों की भी सघनता से चेकिंग की जा रही है। पुलिस का दावा है कि अमृतपाल के लिए यूपी बॉर्डर को क्रॉस करना नहीं होगा। तो दूसरी ओर, उत्तराखंड में नेपाल



अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर भी गश्त बढ़ाई गई ताकि अमृतपाल नेपाल भागने में कामयाब न हो सके। अमृतपाल के उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के जत्थेदार की कार से पंजाब पहुंचने की संभावना के बीच अब जांच एजेंसी भी अलर्ट मोड पर आ गई है।

अमृतपाल की तलाश में अब सुरक्षा एजेंसियां उसके उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल से लिंक तलाशने में जुट गई हैं। एजेंसियां हर संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं, जहां अमृतपाल सिंह को रुकने की जगह मिल सकती है। इसके अलावा अमृतपाल के करीबियों की सूची तैयार कर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस सूत्रों की बात मानें तो यूपी के कई शहरों पर भी सुरक्षा एजेंसियों की नजर है। पुलिस ने दावा किया है कि अमृतपाल का यूपी बॉर्डर पार कर उत्तराखंड में प्रवेश करने की कोशिश को हरहाल में नाकाम कर दिया जाएगा। पूछताछ में सामने आया है कि अमृतपाल कुमाऊं से लगी सीमा से नेपाल भागने की फिराक में है। बताया जा रहा है कि अमृतपाल यूपी के पीलीभीत से होते हुए उधमसिंह नगर पहुंच गया था। पीलीभीत में उसने एक वीडियो बनाई और उधमसिंह नगर नंबर की गाड़ी लेकर पंजाब लौट गया। इससे आशंका जताई जा रही है कि अमृतपाल कुछ दिनों तक उधमसिंह नगर और पीलीभीत में भी रहा। अब पुलिस अमृतपाल का कुमाऊं से लिंक तलाशने में जुट गई है। पुलिस अमृतपाल के ठहरने के संभावित क्षेत्रों में दबिश दे रही है। साथ ही उसके करीबियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि यहां के कुछ लोगों ने उसके भागने में मदद की थी।

**अमृतपाल के करीबियों पर पैनी नजर**

अमृतपाल के उधमसिंह नगर के जत्थेदार की कार से पंजाब पहुंचने की संभावना के बीच अब सुरक्षा एजेंसियां उसके कुमाऊं से लिंक तलाशने में जुट गई हैं। एजेंसियां हर संभावित स्थानों पर दबिश कर रही हैं, जहां अमृतपाल सिंह को रुकने की जगह मिल सकती है। इसके अलावा अमृतपाल के करीबियों की सूची तैयार कर पूछताछ की जा रही है।

वारिस पंजाब दे का प्रमुख और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के फरार होने के बाद से उत्तराखंड की पुलिस उसे तलाश रही है। पूछताछ में सामने आया है कि अमृतपाल कुमाऊं से लगी सीमा से नेपाल भागने की फिराक में है। बताया जा रहा है कि अमृतपाल पीलीभीत होते हुए उधमसिंह नगर पहुंच गया था।

लीभीत में उसने एक वीडियो बनाई और उधमसिंह नगर नंबर की गाड़ी लेकर पंजाब लौट गया। इससे आशंका जताई जा रही है कि अमृतपाल कुछ दिनों तक उधमसिंह नगर और पीलीभीत में भी रहा। अब पुलिस अमृतपाल का कुमाऊं से लिंक तलाशने में जुट गई है। पुलिस अमृतपाल के ठहरने के संभावित क्षेत्रों में दबिश दे रही है। साथ ही उसके करीबियों से पूछताछ की जा रही है।

## देहरादून–दिल्ली आने–जाने के लिए अब दो टनल, डाटकाली क्षेत्र में तीसरी सुरंग बनकर तैयार

**देहरादून।** दून–दिल्ली एक्सप्रेस–वे के तहत डाटकाली क्षेत्र में तीसरी सुरंग बनकर तैयार हो गई है। आने वाले समय में देहरादून से सहारनपुर और दिल्ली की तरफ आने–जाने के लिए दो अलग–अलग सुरंगों का प्रयोग किया जाएगा, जबकि सबसे पुरानी पहली सुरंग का प्रयोग डाटा काली मंदिर में आने–जाने के लिए किया जाएगा।देहरादून में एक्सप्रेस–वे आशारोड़ी क्षेत्र से शुरू होता है। इससे करीब साढ़े तीन किमी आगे चलकर दिल्ली से देहरादून आने वाले ट्रैफिक के लिए नई सुरंग बनकर तैयार है। नई सुरंग का निर्माण तीन लेन में किया गया है। इसकी कुल लंबाई 340 मीटर है, जबकि चौड़ाई 11 मीटर है। ऊंचाई की अगर बात करें तो यह सात मीटर रखी गई है। नई सुरंग का प्रयोग दिल्ली से देहरादून की तरफ आने वाले ट्रैफिक के लिए किया जाएगा। बाहर से देखने पर यह सुरंग घोड़े के पैर में लगी नाल की तरह दिखाई देती है।नई सुरंग के बगल में ही पुरानी सुरंग बनी है, जिस पर वर्तमान में देहरादून–दिल्ली आने–जाने वाला ट्रैफिक गुजरता है। यह सुरंग वर्ष 2018 में रिकार्ड समय में बनकर तैयार हुई थी। इस सुरंग की लंबाई भी करीब 340 मीटर है, जबकि चौड़ाई सात मीटर और ऊंचाई करीब साढ़े पांच मीटर है।

## गुप्तकाशी से केदारनाथ धाम तक चलेगा स्वच्छता अभियान



रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग के प्रमुख पड़ाव में बेहतर साफ–सफाई व्यवस्था बनाने के लिए जागरूकता रैली आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने इसके लिए रोस्टर जारी करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला कार्यक्रम एवं बाल विकास अधिकारी को ओवर ऑल नोडल अधिकारी एवं नगर पालिका, नगर पंचायत और संबंधित संस्थाओं के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है।

इस कार्य को बेहतर ढंग से करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किए जाने के लिए जागरुकता रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 20 अप्रैल को गुप्तकाशी में आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए नोडल अधिकारी सेवा इंटरनेशनल को नामित किया गया है। इसमें सुलभ इंटरनेशनल, स्वजल, जिला पंचायत एवं नेहरु युवा केन्द्र का सहयोग रहेगा। सीतापुर में रैली के लिए नेहरू युवा केन्द्र नोडल अधिकारी होंगे। 4 मई को सोनप्रयाग में स्वच्छता रैली होगी। 11 मई को गौरीकुण्ड में स्वच्छता रैली होगी। 18 मई को केदारनाथ धाम में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। 25 मई को बड़ी लिंचोली में स्वच्छता जागरूकता रैली होगी। 16 जून को गुप्तकाशी में स्वच्छता जागरूकता रैली होगी।

जबकि 23 जून को गौरीकुण्ड में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली जाएगी।

बैठक में डीडीओ मनविन्दर कौर, परियोजना निदेशक डीआरडीए, केके पन्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास अखिलेश कुमार मिश्रा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रेम सिंह रावत, क्षेत्रीय प्रबन्धक जीएमवीएन सुदर्शन खत्री, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ हर्षबर्धन रावत, तिलवाडा वासुदेव डंगवाल, अगस्त्यमुनि कैलाश पटवाल आदि मौजूद थे।(एजेंसी)

## कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार को कोसा

उत्तरकाशी । प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विजयपाल रावत ने कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के शीर्ष नेताओं द्वारा देशव्यापी सत्याग्रह का फैसला लिया गया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया।बड़कोट लोनिवि गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने के पीछे के कई कारण हैं। भाजपा सरकार सच्चाई को छिपाने का काम कर रही है। वसुदेव डिमरी ने कहा कि हमारी इस लड़ाई को आगे बढ़ाया जाएगा। इस लड़ाई को सड़क से लेकर बूथ तक लड़ा जाएगा। कांग्रेस शीघ्र ही जय भारत सत्याग्रह के बैनर तले गांव और कस्बों में सभाएं आयोजित करेगी।(एजेंसी)

## मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाए : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, पर्यटन, राजस्व, जिला पंचायत, युवा कल्याण एवं ग्रामीण निर्माण विभागों के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। इन विभागों के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा के तहत 89 कार्यों में से 32 कार्य पूर्ण कर लिए गए है और 57 कार्य प्रगति पर है।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के विकास एवं जनता की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों को प्राथमिकता पर रखते हुए पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सीएम घोषणा के तहत जो प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है उनके प्रभावी अनुश्रवण के लिए उच्चाधिकारियों एवं शासन के विभागीय अधिकारियों से निरंतर संपर्क करें। भूमि हस्तांतरण एवं टैंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जिन कार्यों की वित्तीय स्वीकृति विभागों को मिल चुकी है उन कार्यों को प्राथमिकता पर रखते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, डीएसटीओ विनय जोशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।(एजेंसी)

## जानकी चट्टी में तैनात रहेगी एक कार्डियक वैन

उत्तरकाशी । चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर डीएम अभिषेक रूहेला ने कहा कि यात्रा के सफल संचालन के लिए इस वर्ष गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम रूट को 12 सेक्टर में विभाजित किया गया है। यात्रा व्यवस्थाओं एवं निर्माण कार्यों को तेजी के साथ किया जा रहा है। दोनों धाम में यात्रा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद कर ली जाएंगी। यात्रियों की सुविधा को जानकीचट्टी में एक कार्डियक वैन भी उपलब्ध रहेगी।शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने जिला सभागार में मीडिया के साथ बातचीत की। इस दौरान डीएम ने यात्रा को सुगम, सुरक्षित और साफलता पूर्वक संचालन को लेकर होटल एसोसिएशन, व्यापार मंडल एवं टेक्सी यूनियन के साथ चर्चा भी की। डीएम ने कहा कि दोनों धाम में यात्रा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद कर ली जाएगी। गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉक्टर की तैनाती हेतु तैयारी कर ली गई है। दोनों धाम में ऑक्सीजन सिलेंडर, दवाई की पर्याप्त उपलब्धता रहेगी इस हेतु समुचित तैयारी सुनिश्चित की गई है। साथ ही एम्बुलेंस व 108 आदि की तैनाती के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए है। दोनों धाम में 5 एम्बुलेंस और आठ 108 उपलब्ध रहेगी। यमुनोत्री पैदल मार्ग पर 9 एफएमएमआर की टीम तैनात रहेगी। जिनके पास ऑक्सीजन,आवश्यक दवाई,स्ट्रकचर आदि जरूरी उपकरण उपलब्ध रहेंगे। वहीं आपात स्थिति के लिए यात्रियों की सुविधा हेतु जानकीचट्टी में एक कार्डियक वैन भी उपलब्ध रहेगी।(एजेंसी)

### खंड शिक्षा अधिकारी ने लिया संज्ञान

गैरसैंण। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे समाचार का खंड़ शिक्षा अधिकारी केएस तौलिया ने संज्ञान लिया है। बताया कि इस मामले में जिले एवं ब्लॉक स्तर पर टीम गठित की गयी है। साथ ही मामले में दोषी पाये जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### पुलिस ने दो वारंटी गिरफ्तार किए

उत्तरकाशी । कोतवाली पुलिस ने एमवी ऐक्ट में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

दोनों अभियुक्तों को न्यायलय में पेश किए जाने की कार्यवाही की जा रही है।पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली उत्तरकाशी ने शुक्रवार सांय को एमवी ऐक्ट में वांछित अभियुक्त दलवीर सिंह पुत्र राम सिंह निवासी खरवां चांदपुर, एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तरकाशी की वाद संख्या 571 में जारी गिरफ्तारी अधिपत्र में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। शनिवार को पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्यवाही की जा रही है।

## जनपद स्तर पर तैयार होगा सरकारी भूमि का लैंड बैंक



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जनपद स्तर पर सरकारी भूमि का लैंड बैंक तैयार करने को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सरकारी भूमि का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए समस्त विभाग अपनी भूमि का संकलित विवरण निर्धारित प्रारूप में तैयार करते हुए जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि लैंड बैंक के माध्यम से भविष्य में सरकारी भूमि का उपयोग उचित योजना के साथ बुनयादी सुविधाओं की स्थापना हेतु किया जाएगा। विभागों के पास समस्त आवासीय, अनावासीय, खाली भूमि, अतिक्रमित संपत्तियां या अन्य किसी भी प्रकार की भूमि जिस पर विभाग का आंशिक या पूर्ण कब्जा हो, उसका विवरण निर्धारित प्रारूप में संकलित करते हुए उपलब्ध करें। भूमि अभिलेखों जांच करते हुए अभिलेखों को अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबधी अभिलेखों को अपडेट करने हेतु तहसील स्तर से भी वांछित सहयोग लिया जा सकता है। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोकने के लिए भी उचित रूप से प्रबंध किए जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, सीटीओ मामूर जहॉ, सीओ पुलिस नताशा सिंह सहित सभी एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।(एजेंसी)

## कर्णप्रयाग में कांग्रेसियों ने सरकार को घेरा

गोपेश्वर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता निरस्त होने के मामले में कांग्रेस भाजपा पर हमलावर है। शनिवार को यहां कांग्रेस नगर एवं ब्लाक कार्यकारिणी ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर कहा कि भाजपा सरकारें देश और प्रदेश में तानाशाही रवैया अपना रही है।नगर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अडाणी मामले में जेपीसी गठित करने के बजाए सवाल पूछने वाले नेताओं को संसद से बाहर कर रही है। कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष गौतम मिंगवाल और नगर अध्यक्ष महेश खंडूड़ी ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकारों ने देश को महंगाई, बेरोजगारी के अलावा भ्रष्टाचार दिया है। सार्वजनिक उपक्रमों को बेचा जा रहा है। बैंकों का पैसा लेकर सरकार के करीबी विदेशों में भाग रहे हैं। कहा गया कि देश में कांग्रेस 29 अप्रैल से सार्वजनिक सत्याग्रह जैसे अभियान चलाएगी। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ईश्वरी प्रसाद मैखुरी, पुष्कर सिंह रावत, लखपत सगोई सहित कई अन्य नेता मौजूद थे।

## गौचर में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिले विधायक नौटियाल

गोपेश्वर। बीते शुक्रवार को चमोली दौरे पर आए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मांडविया से विधायक अनिल नौटियाल ने मुलाकात की। इस दौरान नौटियाल ने पहाड़ सहित चमोली और गौचर की स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधारीकरण के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की मांग की।

मौसम की खराबी के चलते शुक्रवार शाम को गौचर पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मांडविया का यहां विधायक नौटियाल और अन्य कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। विधायक अनिल नौटियाल ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चार धामों के लिए बन रही ऑलवेदर सड़क, ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन के निर्माण सहित तमाम विकास कार्यों के लिए स्वास्थ्य मंत्री के माध्यम से पीएम मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताया। वहीं कोविड काल में प्रदेश और पहाड़ में तमाम स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी धन्यवाद दिया। नौटियाल ने कहा कि गौचर में हवाई पट्टी और रेलवे स्टेशन होने के चलते गौचर में एक उच्च सुविधाओं वाले स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से की गई। इस अवसर चमोली के सीएमओ डा. राजीव शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।(एजेंसी)

### डा. शिवानंद नौटियाल को किया याद

कर्णप्रयाग। डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. शिवानंद नौटियाल को उनकी 19वीं पुण्य तिथि की पूर्व संध्या पर याद किया गया। इस अवसर पर डा. नौटियाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को याद किया गया।(एजेंसी)

### पशुचिकित्सालय परिसर से हटेंगे खतरा बन चुके पेड़

गोपेश्वर। तहसील मुख्यालय पर संचालित पशुचिकित्सालय और पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड–1 कार्यालय परिसर में खतरा बन चुके चार विशालकाय पेड़ हटाए जाएंगे। जिसके लिए विभाग ने वन विभाग की स्वीकृति पर नीलामी की तिथि तय कर ली है। पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड–1 डा. चित्रा धीमान के मुताबिक 10 अप्रैल को इन पेड़ों को हटाए जाने की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बीते शुक्रवार को ब्लाक के कंडारा गांव में संचालित पशुपालन केंद्र परिसर में स्थित एक विशालकाय पेड़ बारिश से टूट गया। जिससे केंद्र का भवन क्षतिग्रस्त हो गया। ऐसे में यहां खतरा बन चुके पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया में तेजी आ गई है।

## रमजान का दूसरा अशरा होगा शुरू

रुड़की। रमजान के दस रोजे पूरे हो चुके हैं अब दूसरा अशरा शुरू होगा। उलेमाओं का कहना है कि रमजान का महीना गुनाहों से तौबा करने और खुदा की रहमत तलब करने का महीना है।

सैयद जफर अब्बास, मौलाना सिब्ते हसन, मौलाना सैयद मुराद अली, मौलाना हसन तुराब, मौलाना अली रजा ने कहा कि रमजान महीने में जितनी भी इबादत हो सके इंसान को करनी चाहिए। बुराइयों से अपने आप को बचाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति बुरे काम में शामिल है तो उसे भी तहजीब के दायरे में रहकर समझाना चाहिए। सभी को अपने मोहल्ले और अपने पड़ोसी के लिए दुआ करनी चाहिए।

उलेमा हजरात का कहना है कि इस्लाम इंसानियत को संरक्षण देने वाले मजहब का नाम है। इस्लाम यह नहीं सिखाता कि कौन क्या करता है सबसे पहले वह इंसान है। उसके बाद वह किसी भी मजहब को मान सकता है। इसलिए सभी लोगों को चाहिए कि अपनी हैसियत के अनुसार जरूरतमंद की मदद करे।





## टिहरी में बारिश से बढ़ गई ठंड

नई टिहरी। लगातार हो रही बेमौसमी बारिश से जनपद में मौसम ठंडा हो गया है। सुबह से घने बादल आसमां पर छाये रहे। दोपहर बाद जनपद के विभिन्न हिस्सों में बारिश हुई। दूसरे दिन भी लगातार हो रही बारिश से पूरा जनपद ठंड की आगोश में रहा। अप्रैल के शुरूआती दिन भी लोग पूरी तरह से टोपी, जैकेट, मफलर व दस्ताने जैसे गर्म कपड़े पहने नजर आये। बारिश से फसलों के नुकसान के साथ ही जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। यात्रा तैयारी में जुटे होटल कारोबारियों सहित अन्य व्यवसासियों को भी तैयारी में बारिश के कारण व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से गेहूं, मटर, आलू, आडू, खुमानी, सेब आदि फसलों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।(एजेंसी)

## शिक्षकों को दी सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

रुद्रप्रयाग। ओंकारानंद इंका जखोली में कार्यरत शिक्षक आनन्द सिंह राणा व शिक्षिका सुशीला मेवाड़ के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गयी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी सोना सजवाण,विधायक देवप्रयाग विनोद कण्डारी,विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार,प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल,नागेन्द्र इंका बजीरा के प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत,राशिसं गढ़वाल मंडल के मण्डलीय मंत्री शिव सिंह नेगी,प्रो.महावीर नेगी,प्रधानाचार्य तिलकनगर देवेन्द्र राणा,जिपंस टिहरी रघुवीर सिंह सजवाण,डा.हेम सिंह रावत,ललिता भट्ट,पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख अर्जुन गहरवार,कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी आदि ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम जखोली में नागेन्द्र इंका बजीरा के प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत,राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मण्डलीय मंत्री शिव सिंह नेगी,प्रधानाचार्य डीएस राणा आदि मौजूद रहे।(एजेंसी)

### 4209 अभ्यर्थी देंगे वन आरक्षी परीक्षा

नई टिहरी। उत्तराखण्ड वन विभाग के तहत वन आरक्षी परीक्षा–2022 की लिखित परीक्षा अन्य जनपदों के साथ ही जनपद टिहरी गढ़वाल में आगामी 9 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। परीक्षा सुबह 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जायेगी। प्रशासन के हवाले से सूचना विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि इस परीक्षा को जनपद में 17 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। एडीएम टिहरी गढ़वाल केके मिश्रा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जबकि एसडीएम नरेंद्रनगर और एसडीएम टिहरी को अपने–अपने परगना क्षेत्रांतर्गत जोनल मजिस्ट्रेट तथा 17 परीक्षा केंद्रों के लिए 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित कर दिए गये हैं। जनपद क्षेत्रान्तर्गत 17 परीक्षा केंद्रों में 4 हजार 209 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुचारू रूप से सम्पन कराये जाने तथा शांति–सुरक्षा व्यवस्था को जिला मजिस्ट्रेट टिहरी के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों एवं उनके आसपास की 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी।

## राहुल गांधी की सदस्यता रद होने पर भड़के कांग्रेसी



नई टिहरी। नगर कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने की निंदा की है। कमेटी ने इसको भाजपा द्वारा लोकतंत्र की हत्या कर विपक्ष की आवाज दबाना बताया।

नगर अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमन्त्री मोदी ने षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी की सदस्यता खत्म की है। 7 फरवरी को राहुल गांधी ने संसद में मोदी और अडानी के रिश्तों पर जो सवाल किये उससे भाजपा बौखला गई थी। पीसीसी सदस्य नंदन टोडरिया ने कहा कि पिछले 9 वर्षों से देश के प्रधानमंत्री ने हर मसले पर झूठ बोलकर देश को गुमराह किया है। दो करोड़ नौकरियां प्रतिवर्ष देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री इन वर्षों में 2 लाख बेरोजगार युवाओं तक को नौकरी तक नहीं दे पाए हैं। इसके विपरीत भाजपा शासित राज्यों में लगातार पेपर लीक और भर्ती घोटाले हो रहे है, जबकि महंगाई चरम पर है। नगर कांग्रेस भविष्य में उग्र आंदोलन शुरू करेगी। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रतापनगर ने लंबगांव में प्रेसवार्ता कर राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने को लेकर भाजपा से सवाल पूछे। मौके पर अध्यक्ष बरफ चंद रमोला, पीसीसी सदस्य सब्बल सिह राणा, सभासद सौरभ रावत, धूम सिंह रांगड, राजेश रावत, प्रवीण पंवार, शिव सिंह पोखरियाल, त्रेपन सिंह रावत, नत्था सिंह रावत, जयवीर खंडवाल, सचिन कंडियाल, मदन रमोला, विजय जोशी, कृष्णा कंडियाल, अजयपाल, राजेंद्र चंद रमोला आदि मौजूद रहे।

## नवनियुक्त कांग्रेस के महानगर और कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत

हरिद्वार। सतपाल ब्रह्मचारी के कांग्रेस महानगर अध्यक्ष व अमन गर्ग के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर देवपुरा स्थित यूनियन भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कहा कि सबको साथ लेकर चलेंगे साथ ही कांग्रेस को एकजुटता के साथ आगे बढ़ाने का काम करेंगे।पूर्व पार्षद व महानगर कांग्रेस के नव नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी का अच्छे से निर्वाहन करते हुए कांग्रेस की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने पर जो मोदी सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है उस का खुलकर विरोध किया जाएगा। सम्मान समारोह में महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने 4 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा भी की। जिसमें उत्तरी हरिद्वार के ब्लॉक अध्यक्ष विमल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष मध्य हरिद्वार विकास चंद्र, ब्लॉक अध्यक्ष कनखल जतिन हांडा को मनोनीत किया गया। साथ ही उन्हें महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों से कहा की वह विचार विमर्श के बाद शीघ्र ही अपने क्षेत्र के वार्ड व बूथ अध्यक्षों की घोषणा करेंगे।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरली मनोहर, मनोज सैनी, सोम त्यागी, युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कैश खुराना, महानगर अध्यक्ष तुषार कपिल, पूर्व पार्षद उपेंद्र, तरुण व्यास, ओम पहलवान, समर्थ गर्ग, मधुकांत गिरी, पार्वती नेगी, पार्षद राजीव भार्गव, सुनील कुमार, राजेंद्र गुप्ता, तेजस्वी गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस जय भारत सत्याग्रह यात्रा से करेगी जागरूक

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस गांव–गांव जाकर जय भारत सत्याग्रह यात्रा के माध्यम से लोगों से लोकतंत्र बचाने का आह्वान करेगी। साथ ही केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के समक्ष रखेगी। शनिवार को चंबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष साब सिंह सजवाण ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये केंद्र सरकार पर लोकतंत्र का गला घोटने का आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र को बचाने के लिये गांव–गांव जाकर जय भारत सत्याग्रह यात्रा चलाऐगी और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को लोकत्रंत बचाने के लिये जागरुक करेगी। कहा कि केंद्र सरकार मामले से देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिये नये–नये हथकंड़े अपनाने में लगी है। (एजेंसी)

## रुद्रप्रयाग को मिलेगी डिजिटल रेंडियोग्राफी एक्स–रे की सुविधा

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग में शंकराचार्य माधवाश्रम जिला चिकित्सालय कोटेश्वर में डिजिटल रेडियोग्राफी एक्स–रे मशीन स्थापित कर दी गई है। शनिवार को रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने 1 करोड़ 83 लाख की लागत से लगाई गई मशीन का शुभारंभ किया।

जनपद रुद्रप्रयाग को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार बड़ी कामयाबी मिलती जा रही है। शनिवार को जिले में एक ओर उपलब्धि मिली है। कोटेश्वर स्थित माधवाश्रम अस्पताल में नई एडवांस फुल्ली ऑटोमेटिक डिजिटल रेडियोग्राफी एक्स–रे मशीन का शुभारंभ स्थानीय विधायक भरत चौधरी द्वारा किया गया। जिसका लाभ यहां की जनता को मिलेगा। इस मौके पर विधायक भरत चौधरी ने कहा कि जिला अस्पताल को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ऑर्थो विभाग में हड्डी से जुड़े ऑपरेशन के काम मे आने वाली सी आर्म मशीन का भी शुभारंभ किया गया।

इसके साथ मावाश्रम शंकराचार्य कोटेश्वर में 20.03 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसूख मांडवा द्वारा किया गया। जिसका जल्द निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा।जिला चिकित्सालय के दोनों परिसरों में 34 डॉक्टरों की तैनाती हो चुकी है। जल्द ही विशेषज्ञ डॉक्टर भी जिले को प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि सीटी स्कैन मशीन एवं एमआरआई मशीन को जिला चिकित्सालय के कोटेश्वर परिसर में लगवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि जनपद मुख्यालय में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जनता को मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में निरंतर केंद्र एवं राज्य सरकार का सहयोग विकास कार्यों में मिल रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में जिले हो रहे कार्यों के लिए उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसूख मांडविया, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत का आभार व्यक्त किया।(एजेंसी)

## बंदरों के आतंक से लोग परेशान



रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि में बंदरों की समस्या से जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग, प्रशासन एवं नगर पंचायत से बंदरों के निराकरण के लिए सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय व्यापारी अनिल कोठियाल, हरिहर रावत, कुंवर लाल आदि ने कहा कि लम्बे समय से बंदरों की समस्या बनी है। लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। आए दिन बंदर महिला एवं बच्चों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने शीघ्र जिम्मेदार विभागों से बंदरों के समाधान की कार्रवाई करने की मांग की है।

## पुलिस ने साइबर ठगों से वापस दिलवाई रकम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : साइबर पुलिस ने ठगी का शिकार हुए दो व्यक्तियों के खाते में ठगी गई रकम को वापस दिलवाया है। इस दौरान पुलिस ने आमजन से साइबर अपराध के प्रति जागरूक होने की अपील की है।

अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि छः मार्च को दुगड्डा देवीखाल निवासी मोहिता के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से लिंकभेजा गया था। बताया कि मोहिता ने जैसे ही लिंक को क्लिक किया उनके खाते से चालीस हजार 947 धनराशि कट गई। यही स्थिति गोविंदनगर निवासी गौरवभाटिया के साथभी हुई। गौरव के खाते से 79 हजार पांच सौ रुपये निकल गए थे। बताया कि दोनों पीड़ितों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बैंक के साथ मिलकर ठगी गई रकम को वापस दिलवाया। बताया कि लगातार बढ़ रही साइबर अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए जनता का जागरूक होना आवश्यक है। हमें किसीभी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी नहीं देनी चाहिए।

# गाड़ीपड़ाव खाली, सड़कों पर रेहड़ी-ठेलियों का कब्जा

### सड़क पर रेहड़ी-ठेलियों से बिगड़ रही व्यवस्थाएं , आए दिन जाम के कारण आमजन को हो रहा परेशानी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए बनाई गई योजनाएं परवान नहीं चढ़ पा रही हैं। अव्यवस्था का एक प्रमुख कारण सड़कों पर बेतरतीब तरीके से घूम रही रेहड़ी-ठेलियां है। लाख प्रयास के बादभी सरकारी सिस्टम रेहड़ी-ठेली वालों को नजीबाबाद चौराहे के समीप गाड़ीपड़ाव में शिफ्ट नहीं कर पा रहा है। जबकि, पूर्व में गाड़ीपड़ाव को रेहड़ी-ठेली के लिए खाली करवाया गया था। नतीजा अव्यवस्थाओं के कारण आमजन का सड़क पर पैदल चलनाभी मुश्किल होता जा रहा है।

करीब चार वर्ष पूर्व नगर निगम व प्रशासन ने गोखले मार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गों को खाली करवाकर रेहड़ी-ठेली वालों को गाड़ीपड़ाव में शिफ्ट किया था। योजना के अनुसार, जहां रेहड़ी–ठेली वालों को एक स्थाई जगह उपलब्ध हो गई थी। वहीं, इससे सड़कों पर लगने वाले जाम सेभी काफी राहत मिली। लेकिन, वर्तमान में रेहड़ी-ठेली वालों ने गाड़ीपड़ाव को छोड़ सड़कों पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। नतीजा पूरे दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क किनारे खड़ी रेहड़ी-ठेलियों के कारण आमजन का पैदल चलनाभी मुश्किल हो गया है। ऐसे में हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।



कोटद्वार नजीबाबाद चौराहे के समीप खाली पड़ा गाड़ीपड़ाव

### दिखावा होता है अभियान

सड़कों पर घूमने वाली रहड़ी ठेलियों के खिलाफ नगर निगम व पुलिस का अभियान केवल खानापूर्ति ही होता है। निगम व पुलिस माह में एक दो बार सड़क पर उतरकर रेहड़ी-ठेलियों के खिलाफ कार्रवाई करती है। लेकिन, अभियान समाप्त होते ही स्थिति दोबारा जस की तस हो जाती है। सबसे बुरी स्थिति गोखले मार्ग, स्टेशन रोड, देवी रोड, बदरीनाथ मार्ग पर बनी हुई है।

# मिशन कोशिश के उद्देश्य व महत्व की दी जानकारी



संकुल बरस्वार में आयोजित कार्यशाला मेंभाग लेते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विकासखण्ड जयहरीखाल के संकुल केंद्र बरस्वार में तीन संकुल केंद्रों मठाली, बरस्वार व धौलखेतखाल के प्रधानाध्यापकों का दो दिवसीय मिशन कोशिश प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्रभारी संकुल समन्वयक चंद्रमोहन सिंह रावत की देख रेख में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सन्दर्भदाता राजीव थपलियाल ने मिशन कोशिश के उद्देश्य एवं महत्ता को बताते हुए सभी प्रशिक्षुओं को अपने विद्यालय में लागू करने की बात कही। कहा कि प्रशिक्षण की सार्थकता तब ही सार्थक होगी जब हम इसे कक्षा में बच्चों तक ले जायेंगे। इस अवसर पर मनोज रावत, मनमोहन बिष्ट, अलका रावत ने कहा कि मिशन कोशिश प्रशिक्षण बहुत ही लाभदायक है, इसकी बारीकियों को हम अपने कक्षा कक्ष तक ले जाते हैं, जो बच्चे निर्धारित पूर्व कक्षा के सीखने के प्रतिफलों को प्राप्त नहीं कर पाते हैं, उनको विद्यालयों में चलाये जा रहे मिशन कोशिश द्वारा हम इनको पूर्ण करने का प्रयास करते हैं, ताकि बच्चें उस कक्षा के लिए निर्धारित सीखने के प्रतिफलों को प्राप्त कर सकें। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंत, प्रभारी बीआरसी मोहन गुसांई, शिक्षक विक्रम रावत, सुरेंद्र शमशेर जंग, तीरथ सिंह असवाल, आशीष मधवाल, कृष्णा नेगी, विजया उनियाल, बबीता बिष्ट, सीमा थपलियाल, प्रीति बाला असवाल, उर्मिला गुसाईं, बीनाभारद्वाज, अंजू कुकरेती, प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह, विजय लक्ष्मी काला, आरती रावत, आंनद सिंह, दीपक जदली, दिनेश गौड़ ,जयश्री कड़वाल, दीपा रानी, मधु डबराल, हरि सिंह रावत आदि मौजूद रहें।

# बरसात से पहले बनाई जाएं सुरक्षा दीवार

### भाबर क्षेत्र के वाशिंदों ने मुख्यमंत्री कोभेजा पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:**भाबर क्षेत्र के वाशिंदों ने खोह, मालन व सुखरो नदी के किनारे बाढ़ सुरक्षा दीवार बनवाने की मांग की है। कहा कि सुरक्षा दीवार नहीं होने से नदियों के किनारे लगातारभू-कटाव होता जा रहा है। ऐसे में बरसात से पूर्व बाढ़ सुरक्षा दीवार बनाना आवश्यक है।

समस्या के संबंध मेंभाबरवासियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापनभेजा। बताया कि क्षेत्र में खोह, मालन व सुखरो नदी के आसपास बड़ी आबादी रहती है। ऐसे में बरसात के दौरान नदियां उफान पर आने से आबादी क्षेत्र से सटीभूमि पर कटाव शुरू हो जाता है। दो वर्ष पूर्व बरसात के समय आबादी क्षेत्र में पानीभी घुस गया था। जिससे परिवारों कोभारी नुकसान हुआ। कहा कि पूर्व में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने जल्द ही बाढ़ सुरक्षा दीवार बनवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन, अब तक धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। ऐसे में परिवारों को अबभी बाढ़ का खतरा बना हुआ है। कहा कि परिवारों के हित को देखते हुए बरसात शुरू होने से पूर्व बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाया जाना चाहिए। इस मौके पर मदन सिंह नेगी, प्रेम कुमार, मोनिका देवी, पुष्पा नेगी, अर्चना रावत आदि मौजूद रहे।

# डीएफओ गढ़वाल एक्शन प्लान तैयार करें : डीएम

### अधिकारी कार्यों को गंभीरता से करें, नगर पंचायत जौंक सिवर ट्रिट प्लांट की रिर्पोट दें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पौड़ी में नमामि गंगे की जिला स्तरीय गंगा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों व ग्राम पंचायतों में सीवरेज निर्माण, नाला टेंपिंग, बायो मेडिकल निस्तारण, गंगा तट पर अतिक्रमण हटाने सहित अन्य कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश दिये। डीएम ने डीएफओ गढ़वाल को एक्शन प्लान तैयार करने को कहा। उन्होंने नगर पंचायत जौंक के ईओ को सिवर ट्रिट प्लांट की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

शनिवार को नमामि गंगे की बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ सीवरेज के संग्रह व निस्तारण, घरेलू, होटल, धर्मशाला, आश्रम, कैंप के कूड़ा निस्तारण, नगर पालिका का ठोस कूड़ा निस्तारण, उद्योग अपशिष्ट, नदियों के किनारे खनन, जैव चिकित्सा अवशिष्ट, गंगा तट पर अतिक्रमण, गंगा नदी के न्यूनतम पर्यावरण प्रवाह, जल गुणवत्ता, सीवरेज उपचारित जल का पुनः तथाभूजल निकासी का विनियमन सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में होटल, धर्मशाला, कैम्प व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान सीवरेज लाइन से नहीं जुड़े वे शीघ्र ही अपने सीमा के अंतर्गत छोटे बायो डाईजस्टर बनाये। कहा कि उक्त कार्यवाही न करने पर संबंधित स्वामियों को नोटिस जारी करें। उन्होंने समस्त अधिकारियों से क्षेत्रान्तर्गत प्रतिदिन निकलने वाले गीले, सूखे व प्लास्टिक कूड़े तथा उसके निस्तारण की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्ध, उप जिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, उपजिलाधिकारी श्रीनगर अजयबीर सिंह, पीएम स्वजल दीपक रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



जिला स्तरीय गंगा समिति की समीक्षा बैठक में अधिकारी जानकारी देते हुए।

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ किया नये बच्चों का स्वागत

**श्रीनगर गढ़वाल** : सरस्वती विद्या मंदिर हाईस्कूल श्रीनगर में शनिवार से नया शैणक्षिक सत्र शुरू हो गया है। इस मौके पर नए छात्रों के स्वागत के लिए रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। नये सत्र में प्रवेशित 56 छात्र-छात्राओं का विद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं आचार्य गणों द्वारा तिलक, माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छभेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नए छात्रों के स्वागत में मांगलगीत एवं अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर आचार्य प्रदीप खंकरियाल द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश चन्द्र मैठाणी ने नए बच्चों को नूतन सत्र एवं नई कक्षा के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर परभक्तिराम नैथानी, राजेन्द्र पुरोहित, सुरेश पोखरियाल, ताजबर सिंह बिष्ट, मोनिका पाण्डेय, विनय रतूड़ी, राकेश आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होने की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कांग्रेस द्वारीखाल ब्लाक के अध्यक्ष संजय तोमर ने जनता से सरकार के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है। कहा कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई ने आमजन की कमर तोड़कर रख दी है।

तोमर ने कहा कि केंद्र कीभाजपा सरकार राहुल गांधी कीभारत जोड़ो यात्रा से चिंता में डूब गई है। इसी कारण है कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। मोदी सरकार देश में तानाशाही रवैया अपना रही है।

कहा कि आज महंगाई ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। इसका सबसे अधिक असर गरीब परिवारों पर पड़ रह है। सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

# जल्द शुरू होगा एनआईटी के द्वितीय चरण का निर्माण कार्य

**नगर संवाददाता**

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड श्रीनगर परिसर में बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए रेशम फार्म में द्वितीय चरण का निर्माण कार्य शुरू करने जा रहा है। जिसमें शैक्षणिक ब्लॉक, कक्षाएं और प्रयोगशालाएं, मनोरंजन ब्लॉक, प्रशासनिकभवन मुख्य द्वार और इलेक्ट्रिक रूम के निर्माण किया जाएगा।

एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में कक्षा और आंतरिक डिजाइन का छात्र के सीखने पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह निर्माण पूर्ण रूप से उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (हेफा) द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता के तहत किया जा रहा है और तीन साल के रख रखाव की जिम्मेदारी के साथ इस पूरे निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा बत्तीस करोड़ चौरानवे लाख उनतीस हजार नौ सौ उनतालीस रुपये की निविदा राशि कोट की गई है।

प्रभारी कुलसचिव डा. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि निर्माण कार्य हेतु हेफा ने पहले चरण के अंतर्गत लगभग दस करोड़ उन्तालीस लाख रूपए की राशि अवमुक्त कर दी है। अधिष्ठाता योजना एवं विकास अनुभाग डा. गुरिंदर सिंह बरार ने कहा कि रेशम फार्म में निर्मित होने वाली कक्षाएं और प्रयोगशालाएं तीन मंजिला और अन्य इमारतें दो मंजिला होंगी। (एजेंसी)

# ओआरओपी की विसंगतियों के खिलाफ पूर्व सैनिकों ने निकाली आक्रोश रैली

**नगर संवाददाता**

**श्रीनगर गढ़वाल** : गौरव सैनानी एसोसिएशन उत्तराखंड की ओर से वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों के खिलाफ शनिवार को श्रीनगर में आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व सैनिकों ने ओआरओपी की विसंगतियों को जल्द से जल्द दूर किए जाने की मांग की। कहा यदि मांग पर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो पूर्व सैनिकों उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

शनिवार को गौरव सैनानी एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष महावीर सिंह राणा के नेतृत्व में सर्राफ धर्मशाला से नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर रैली निकाली गई। इस मौके पर पूर्व सैनिकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इससे पूर्व आयोजित बैठक में एसोसिएशन के प्रवक्ता खुशाल सिंह परिहार ने गौरव सैनानियों को विस्तार से ओआरओपी, मिलिट्री सर्विस पे (एमएसपी) व पेंशन सम्बंधित विसंगतियों के बारे में जानकारी दी। मौके पर उन्होंने कहा कि इससे पहलेभी ओरआओपी की विसंगतियों को दूर करने के लिए देश के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जा चुका है। कहा कि उत्तराखंड एक सैनिक बहुल्य क्षेत्र है, यहां से हर परिवार से एक न एक व्यक्ति देश की सेवा में खड़ा है, लेकिन आज देशभर के पूर्व सैनिकों में ओआरओपी-2 में जीसीओ व जवानों के साथ बड़ाभेदभाव हुआ है। जिससे पूर्व सैनिकों में रोष व्याप्त है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मनवर सिंह रौथाण ने कहा कि रैंक के अनुसार पेंशन का फिक्सेशन नहीं किया गया है। साथ ही मिलिट्री सर्विस पे (एमएसपी) मेंभी जवानों के साथ धोखा हुआ है। ओरआरेपी-2 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए पूर्व सैनिकों कोभी नजरअंदाज किया गया है।

कहा कि आने वाले समय में गौरव सैनानी एसोसिएशन उत्तराखंड हर जिले में जाकर पूर्व सैनिकों को जागरूक करेगा व इस अभियान को जारी रखेगा। रैली मौके पर एसोसिएशन के गिरीश जोशी, विक्रम सिंह, विक्रम कंडारी, पूर्व सैनिक श्रीकोट के अध्यक्ष दर्शन सिंहभंडारी, मथुरा प्रसाद सिलोड़ी, दिनेश पटवाल, हिम्मत सिंह नेगी, यशवंत सिंह, धाम सिंह बिष्ट, राजेंद्रभट्ट, विकास मलासी, मुकेश रावत, दिव्यांशु बहुगुणा आदि माजूद रहे। (एजेंसी)

# डीएम ने वनभूमि हस्तांतरण प्रस्तावों को दी मंजूरी

**श्रीनगर गढ़वाल** : जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में वनभूमि हस्तांतरण प्रस्तावों पर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग नरेंद्रनगर, चंबा और टिहरी ने अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत वनभूमि प्रस्तावों को निर्धारित प्रारूप पर अनुसूचित जनजाति और परंपरागत वनवासी अधिनियम के अंतर्गत बैठक के कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर को प्रस्तुत किया।

डीएम कार्यालय में आहुत बैठक में सभी प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करने से पूर्व डीएम ने एफआरसी की बैठक व ग्राम सभा की बैठक के प्रस्तावों की जांचभी की। विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लालूरी धियाकोटी क्यार्दा की चजी तक मिसिंग लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य, विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत खम्बाखाल से सिलोडा मोटर मार्ग का निर्माण कार्य, विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में कुसरैला-बकरोटी मोटर मार्ग के अवशेषभाग का निर्माण कार्य, जिला योजना के अन्तर्गत ग्राम डौर के मिलिट्रीगेट बाईपास मोटर मार्ग का निर्माण कार्य, गूलर-भगवासेरा-जमोला मोटर मार्ग केभगवासेरा से घेराधार तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य व पसरखेत से पॅयाथाली-फरसोपानी तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य के वनभूमि हस्तांतरण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। समितियों की रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत के अंतर्गत कोईभी अनुसूचित-जनजाति क्षेत्र सम्मलित नही हैं। कोईभी वनवासी निवासरत नहीं है और वनभूमि हस्तांतरण के संबंध में कोईभी आपत्ति प्राप्त नही हुई है। बैठक में डीएफओ टिहरी वीके सिंह, ईई दिनेश, पीएस नेगी, समाज कल्याण अधिकारी केएस चौहान, साहब सिंह सैनी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सेवानिवृत्ति पर दी भाववीनी विदाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राइंका कोटद्वार में कार्यरत प्रवक्ता हिंदी संजीव डबराल एवं सहायक अध्यापक सादर सिंह रावत अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस अवसर पर उन्हेंभावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पीटीए अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल व प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत ने विद्यालय एवं शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ एवं आदर्श शिक्षक बताया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आकाशवाणी में द्वितीय प्रसारण सेवा शुरू, कला, साहित्य, संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : आकाशवाणी पौड़ी में द्वितीय प्रसारण सेवा शुरू हो गई है। आकाशवाणी की महानिदेशक डा. सुधा गुप्ता और एडीपी मनोहर सिंह ने कहा कि द्वितीय प्रसारण सेवा शुरू होने से न केवल पहाड़ की कला, साहित्य, संस्कृति कीभी वृद्धि होगी बल्कि सरकार की जन उपयोगी कार्यों की सूचनाभी जन जन पहुंचेगी। उद्घोषक योगंबर पोली ने बताया कि आकाशवाणी पौड़ी की ट्रांसमीटर क्षमता काफी कम है। साथ ही ट्रांसमीटर काफी पुराना है। जिसे नए एफएम ट्रांसमीटर के साथ बदला जाना आवश्यक है।

बताया कि सांसद गढ़वाल द्वारा नये ट्रांसमीटर का उपहारभी शीघ्र पौड़ी को दिया जाएगा।

आकाशवाणी पौड़ी के प्रसारण सभा में 2 अप्रैल से विस्तार मीडियम वेब 1602 किलो हट्र्ज के साथ ही एफएम 100.1 मेगाहट्र्ज और प्रसारभारती के ऐप न्यूज ऑन एआईआर पर सुनाई देने वाला आकाशवाणी केंद्र पौड़ी अब महानिदेशक डा. सुधा गुप्ता के निर्देश पर दो प्रसारण सभाओं में अपने श्रोताओं तक पहुंचेगा। पहली प्रसारण सभा सुबह 6 बजकर 53 मिनट से शुरू होकर अपराहन 1 बजकर 10 मिनट तक चलेगी। वहीं दूसरी प्रसारण सभा सांय 4 बजकर 56 मिनट से रात्रि 9 बजकर 30 मिनट तक आयोजित होगी। बता दें कि पहले केवल एक ही प्रसारण केंद्र द्वारा प्रसारित होता था। लम्बे समय से प्रसारण की अवधि बढ़ाने को लेकर यहां कार्य कर रहे उद्घोषक, कम्पीयर सहित जिले के साहित्य, संस्कृति और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े लोग सक्रिय थे। संस्कृति कर्मी एवं उद्घोषक योगम्बर पोली ने बताया कि पूर्व में सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत ने केंद्र का दौरा किया था और आश्वस्त किया यह कि केंद्र की प्रसारण अवधि में जल्द विस्तार होगा। केंद्र में कार्यरत उदघोषक, कम्पियरों ने आकाशवाणी पौड़ी की द्वितीय प्रसारण सेवा को शुरू करने के लिए सांसद तीरथ सिंह रावत का धन्यवाद किया है।

## भारत व पंकज बनें महामंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** :भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया है।भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमर सिंह नेगी ने बताया कि कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नंदन सिंह बिष्ट, श्याम सिंह रावत व खुशाल रावत को उपाध्यक्ष,भारत पंवार, पंकज स्वरूप रतूड़ी को महामंत्री, बचन सिंहभंडारी, विरेंद्र सिंह, रजनी रावत, हरेंद्र रावत को मंत्री, पदम सिंह नेगी को कोषाध्यक्ष, विपिन नेगी को मीडिया प्रभारी व बचे सिंह को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नवनियुक्त महामंत्री पंकज स्वरूप रतूड़ी ने कहा कि वे दायित्वों का निवर्हन कर्तव्यनिष्ठा के साथ करेंगे व किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करेंगे।

# अंदरूनी मार्गों पर जाम ने किया परेशान



हरिद्वार। हरिद्वार में शनिवार को शिवमूर्ति चौक ललतारौपुल से कोतवाली नगर तक दिन भर जाम की समस्या बनी रही। इस दौरान उत्तरी हरिद्वार, बिलकेश्वर, शिवमूर्ति, चंडी घाट आदि क्षेत्रों में आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।शनिवार को जाम के कारण यात्रियों और स्थानीय लोगो को हिल बाईपास से हरकी पैड़ी तक पहुंचने में एक घंटे का समय लग गया। दिन भर सड़कों पर वाहनों का अव्यवस्थित संचालन होने से जाम की समस्या बनी रही। यातायात सीओ राकेश रावत ने कहा कि शनिवार और रविवार पर वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण यह समस्या पैदा हो जाती है। कुछ देर के बाद यातायात सामान्य हो गया था।शहर व्यापार मंडल ने व्यापारियों को विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। शहर व्यापार मंडल ने भीमगोड़ा क्षेत्र, रोड़ी बेलवाला और ललतारौ पुल क्षेत्र में व्यापारियों को निशुल्क पार्किंग की सुविधा निशुल्क देने की मांग की है। मांग करने वालों में शहर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव पराशर, महामंत्री अमन शर्मा, कोषाध्यक्ष राम अरोड़ा, युवा शहर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, महामंत्री मधुसूदन शर्मा, प्रदीप कालरा, अरुण राघव, वेदप्रकाश अरोड़ा, गोपाल तलवार, मयूर आदि शामिल हैं।

## वाटर एटीएम और अत्याधुनिक शौचालय का शुभारंभ

हरिद्वार। हरिद्वार के शिवमूर्ति के निकट अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय और ललतारौ पुल के निकट वाटर एटीएम का शुभारंभ जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय, मेयर अनिता शर्मा ने किया। नगर आयुक्त ने बताया कि इसका लाभ चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को भी मिलेगा।

नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 19 वाटर एटीएम और इतने ही अत्याधुनिक शौचालय भी बनाए जाएंगे। नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने बताया कि ललतारौ पुल के निकट लगे वाटर एटीएम से एक रुपये में एक लीटर पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि दस सीटर अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय भी शिवमूर्ति चौक के पास लगाया जा चुका है। दयानंद सरस्वती ने बताया कि जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय और मेयर अनिता शर्मा ने इनका शनिवार को शुभारंभ किया।

# कारोबारी के कर्मचारी से दो लाख रुपये लेकर टप्पेबाज फरार



हरिद्वार। रानीपुर मोड़ के पास बैंक में पैसे जमा कराने पहुंचे कारोबारी के कर्मचारी को टप्पेबाज ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए शिकार बना लिया। टप्पेबाज दो लाख रुपये लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई। कारोबारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक कारोबारी अंकित केशवानी निवासी गोविंदपुरी रानीपुर मोड़ ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि सौरभ निवासी निर्मला छावनी उनके यहां कर्मचारी है। शुक्रवार दोपहर सौरभ रानीपुर मोड़ स्थित बैंक की शाखा में चार लाख रुपये जमा कराने गया था। जहां एक व्यक्ति ने उसे खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए कम और ज्यादा पैसे जमा करने की अलग-अलग लाइन होने का झांसा देकर रकम के बारे में जानकारी जुटा ली। सौरभ के पास चार लाख रुपये होने की बात पता चलते ही उसने कहा कि दो-दो लाख जमा करने होंगे, ऐसा काउंटर से मैडम ने कहा है। आरोप है कि इसमें उसकी मदद करने की बात कही और दो लाख रुपये लेकर कहा कि वह ये जमा कर देगा। सौरभ को दूसरा फार्म भरने के लिए भेज दिया। मौका देखते ही रकम लेकर बैंक से भाग निकला। ज्वालापुर कोतवाली के एसएसआई संतोष सेमवाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

# गैंगस्टर ने साथी के साथ चोरी की थी बाइक

## छेड़छाड़ के आरोप में भी जा चुका है जेल



हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस ने चोरी हुईमोटरसाइकिल बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा एक गैंगस्टर पूर्व में भी चोरी एवं छेड़छाड़ के आरोप में जेल जा चुका है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि नौशाद अली पुत्र शमशाद निवासी उमर कॉलोनी गली नंबर ए14 सुभाष नगर की मोटरसाइकिल घर के बाहर से चोरी कर ली गई थी। वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरु कर दी थी।

बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपियों को चिन्हित कर लिया। बताया कि आरोपी महकार अली और आतिफ निवासीगण काजी कॉलोनी मोहल्ला पांवधोई को दबोच लिया गया। जिनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद हो गई।

बताया कि आरोपी महकार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई हो चुकी है और वह रानीपुर एवं ज्वालापुर से पूर्व में भी वाहन चोरी और छेड़छाड़ के आरोप में जेल भी जा चुका है।

## दमड़ी यात्रा के हरिद्वार पहुंचने पर स्वागत

हरिद्वार। पंजाब के बाद विभिन्न राज्यों से होती हुई की दमड़ी यात्रा के हरिद्वार पहुंचने पर अखिल भारतीय सनातन परिषद के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा एवं परिषद के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल पंजाब से हरिद्वार पहुंचे संत निर्मल दास, संत सुखविंदर दास, साध्वी संतोष आदि श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

संत निर्मल दास ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाज से कुरितियो को समाप्त कर समाज में समरसता का भाव पैदा करने का काम किया। समाज से जात पात का भेद मिटने का काम किया। इस मौके पर संस्था के प्रदेश संयोजक डॉ विशाल गर्ग, अविक्षित रमन, सतीश, राजवीर सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, सचिव स्वामी, आलोक गिरी, भोला शर्मा, विशाल राठौर, हरिद्वार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार, राखी सजवाण, सतीश कुमार, दुष्यंत कुमार, सतीश कटारिया, हिमांशु, सुधांशु जोशी उपस्थित रहे।

# निबंध प्रतियोगिता में मानसी कुकरेती ने मारी बाजी



हरिद्वार। बीजीआर परिसर पौड़ी व नेहरू युवा केंद्र पौड़ी की ओर से हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बीजीआर परिसर पौड़ी के निदेशक प्रो आरएस नेगी ने राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका को अहम बताया।

कहा कि दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है। जहां युवाओं की तादाद सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि युवा क्षेत्र, प्रदेश व देश के निर्माण में अपनी-अपनी क्षमताओं के अनुरूप अहम योगदान दे रहे हैं। पखवाड़े के तहत बीजीआर परिसर पौड़ी में निबंध व स्वरचित कविता पाठ और नेहरु युवा केंद्र की ओर से नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीजीआर परिसर में राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में मानसी कुकरेती ने पहला, ऋषभ नौटियाल ने दूसरा व केवल सिंह नेगी ने तीसरा स्थान पाया। स्वरचित कवितापाठ में दिव्यांशु वैभव प्रथम, पूजा पांडेय द्वितीय व अंकित निराला तृतीय स्थान पर रहे। नेहरु युवा केंद्र पौड़ी की ओर से जीआईसी क्यार्क में संगोष्ठी व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता चंद्र सिंह रावत, प्रवक्ता डाक् कमलेश मिश्रा व आरएस रावत ने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय आंदोलनों में जनसंपर्क के साथ ही जनांदोलनों की भाषा रही है।

कहा कि हिंदी के प्रति युवाओं का रुझान कम होने के चलते इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा दिए जाने में सफलता नहीं मिल पा रही है। केंद्र के जिला समन्वयक शैलेश भट्ट ने भारत सरकार द्वारा युवाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। नारा लेखन प्रतियोगिता में आरती प्रथम, श्रीयंका द्वितीय व अमीषा तृतीय स्थान पर रही। कविता को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। पखवाड़े में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में डा् राजेश्वरी चौधरी, छात्र संघ अध्यक्ष आस्कर रावत, जयदीप रावत, अजय पंवार, वीरेंद्र रावत, सुनीता नेगी, प्रिया शर्मा, राधा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# पेपर लीक में पचास हजार का इनामी पूर्व भाजपा नेता गिरफ्तार



हरिद्वार। एई-जेई और पटवारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक करने के मामले में फरार चल रहे पचास हजार के इनामी और पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगलौर ग्रामीण संजय धारीवाल को आखिरकार एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पूर्व भाजपा नेता के कब्जे से 4.25 लाख नगद, दो ब्लैंक चेक और अभ्यर्थियों को लाने-ले जाने में प्रयुक्त हुआ वाहन बरामद कर लिया है। दोनों परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल 38 आरोपी अब तक गिरफ्तार हो चुके हैं। आईजी गढ़वाल रेंज करण सिंह नग्नयाल ने एसआईटी की पीठ थपथपाई है।

एसआईटी लंबे समय से संजय धारीवाल की धरपकड़ के प्रयास में जुटी हुई थी, लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा था। एसआईटी ने आरोपी के गांव मोहम्मदपुर जट्ट मंगलौर पहुंचकर उसके घर पर कुर्की के लिए मुनादी करते हुए नोटिस चस्पा किया था। आईजी गढ़वाल रेंज की तरफ से आरोपी पर पचास हजार का इनाम घोषित किया गया था। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपी संजय धारीवाल को शुक्रवार रात को नारसन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर उसके घर से चौपहिया वाहन बरामद किया गया, जिसमें वह अभ्यर्थियों को परीक्षा एवं नकल केंद्रों में लेकर गया था। उन्होंने बताया कि करनाल हरियाणा में उसके भाई सुधीर के फ्लैट से 4.25 लाख की रकम और दो ब्लैंक चेक भी बरामद किए गए हैं।

आरोप है कि धारीवाल ने कई अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र रटवाया था और उसकी एवज में रकम ली थी। दोनों ही परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने में उसकी भूमिका रही है।

## कानून व्यवस्थाओं को लेकर डीएम और एसएसपी ने ली बैठक

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून एवं व्यवस्था के सम्बन्ध में आयोजित कोआर्डिनेशन बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में विस्तृत विचार-विमर्श किया। तथा अधिकारियों को हर मामले में आपसी सामंजस्य बनाने के निर्देश दिये।

# काशी में अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान महिला की मौत से गुस्साए लघु व्यापारी

हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन ने बनारस में जी 20 सम्मेलन के नाम पर लघु व्यापारियों को हटाए जाने के दौरान एक स्ट्रीट वेंडर्स महिला का निधन हो जाने पर आक्रोश प्रकट किया है। शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में लघु व्यापारियों ने बनारस प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से काशी के स्थानीय नगर निगम प्रशासन, जिला प्रशासन अन्य विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

संजय चोपड़ा ने कहा काशी में जिन अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण के नाम पर स्थानीय कारोबारी रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को उनके कारोबारी स्थानों से हटाया जा रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा अगर काशी में उजाड़े गए लघु व्यापारियों को दोबारा व्यवस्थित व स्थापित नहीं किया गया तो बनारस काशी के लघु व्यापारियों के समर्थन में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किए जाएंगे। प्रदर्शन करने वाले लघु व्यापारियों में राजकुमार एंथनी, महेंद्र सैनी, मोहनलाल, रणवीर सिंह, कमल सचदेवा, श्याम कुमार, सचिन राजपूत, सुमित सैनी, बलबीर गुप्ता, जय सिंह बिष्ट, चंदन सिंह रावत, आजम अंसारी, नईम सलमानी, तस्लीम अहमद, धर्मपाल कश्यप, अनूप सिंह, जय भगवान, वीरेंद्र सिंह, आशा देवी, सुमन गुप्ता, मंजू पाल, सुमित्रा देवी, पुष्पा दास, सुनीता चौहान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## दो दोपहिया वाहन चोरी

हरिद्वार। शहर में अलग अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन चोरी कर लिए गए। स्थानीय पुलिस ने वाहन स्वामियों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। ज्वालापुर पुलिस को दी गई शिकायत में नौशाद अली पुत्र शमशाद निवासी अमर कालोनी सुभाषनगर ने बताया कि गुरुवार को उसकी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी थी।

# आढ़ती के कई लाख के चावल हड़पे, मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। चावल की खेप लेकर उसका भुगतान न करने के आरोप में एक आढ़ती ने कोर्ट के आदेश पर हरियाणा के दो सगे भाईयों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में मैसर्स निहाल चंद एंड कंपनी के स्वामी हेमंत ने बताया कि वह पेशे से आढ़ती है। वर्ष 2018 में उससे राजेश और उसके भाई सुनील निवासीगण हरियाणा ने संपर्क करते हुए बताया कि वह सुभाष राईस एंड जरनल मिल्स नडाना रोड तरावडी जिला करनाल हरियाणा के स्वामी है। उन्होंने उसे 3.84 लाख के 320 कट्टे चावल का ऑर्डर दिया। भरोसा दिलाया कि माल पहुंचने पर भुगतान कर दिया जाएगा लेकन ट्रक का किराया अदा करने के बाद उन्होंने 3,68,700 का चेक दे दिया। आरोप है कि जब उन्होंने बैंक में चेक किया तो वह बाउंस हो गया। आरोप है कि कई दफा मांगने पर भी उनकी रकम नहीं लौटाई गई और हत्या की धमकी दी गई। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी राजेश एवं सुनील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## कर्मचारियों ने किया तीन घंटे का कार्यबहिष्कार

हरिद्वार। आयुर्वेदिक चिकित्सालय के कर्मचारियों का विभिन्न मांगों को लेकर तीन घंटे का बहिष्कार शनिवार को भी जारी रहा। शनिवार को ऋषिकुल आयुर्वेदिक चिकित्सालय परिसर में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार बंद करो, कर्मचारियों को पदोन्नति दो, गोल्डन कार्ड की सुविधा दो, मृतक आश्रित की नियुक्ति दो, देयकों का भुगतान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भुगतान शीघ्र करो, वेतन विसंगति दूर करो के नारे लगाए।शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष खेमानंद भट्ट ने बताया कि शनिवार को कुलपति डॉ. सुनील की अध्यक्षता में कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल की बैठक हुई है। उन्होंने बताया कि बैठक काफी सकारात्मक रही है। बैठक के निर्णय मिल जाने के बाद ही आंदोलन की रूपरेखा रखी जाएगी। धरना देने वालों में संध्या रतूड़ी, बीना मठपाल, उपासना, ममता बिष्ट, ममता, बाला देवी, राजपाल सिंह पंवार, नितिन, चंदन सिंह, कल्लू सिंह, विवेक कुमार, सतीश, प्रमोद कुमार, राकेश, सुरेंद्र, कुसुम, चंद्रकला, मनोज पोखरियाल, विनोद कश्यप, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

## कौशिक ने किया ऑफ रोडिंग इवेंट का शुभारंभ

हरिद्वार। एडवेंचर और थार मोटर स्पोर्ट्स जयपुर ने मिलकर एक ऑफ रोडिंग इवेंट का आयोजन किया है जो शनिवार को हरिद्वार से शुरू होकर ऋषिकेश होते हुए पौड़ी के यमकेश्वर में रविवार को समाप्त होगा।

इवेंट का फ्लैग ऑफ हरिद्वार विधायक मदन कौशिक व माइटी महिंद्रा के सीईओ विकास राठी ने झंडी दिखा कर किया।

इस दौरान राज सिंह राठौर, मयंक चोपड़ा, बाइकर सिद्धार्थ वासन, मोहित वर्मा, मानविक चोपड़ा, प्रेरित चोपड़ा और कुनाल सिंह मौजूद रहे।

# गुरुकुल महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन वेद सम्मेलन का आयोजन

हरिद्वार। ज्वालापुर स्थित गुरुकुल महाविद्यालय के 116 वें वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारम्भ यज्ञ से हुआ। वार्षिकोत्सव के प्रथम सत्र में वेद सम्मेलन का आयोजन किया गया। वेद सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए आचार्य महेश योगी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को वेदों का अध्ययन करना चाहिए तथा अपने बच्चों में भी वैदिक ज्ञान का प्रचार प्रसार करने की प्रेरणा देनी चाहिए। आचार्य हनुमन्त प्रसाद ने कहा कि वेद के अर्थ को जानना ही पर्याप्त नहीं अपितु उसको अपने आचरण में उतारना चाहिए।

वेद सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं गुरुकुल कांगड़ी विवि के वेद विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. भारत भूषण विद्यालंकार ने कहा कि यदि हम सम्पूर्ण वेद न पढ़ पायें तो वेद का एक शब्द भी अच्छी तरह से पढ़ लिया जाय तो भी बहुत सार्थक है। प्रो. रामप्रकाश वर्णी ने कहा कि ब्रह्मचर्य के द्वारा राष्ट्र की रक्षा होगी जिनके जीवन में सत्य, ब्रह्मचर्य आदि सदगुण हैं। जो शासक होते हैं। द्वितीय सत्र में योग-आयुर्वेद सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए देव संस्कृति विवि के एकेडमिक डीन प्रो. ईश्वर भारद्वाज ने कहा चित्त कि वृत्तियों का निरोध ही योग है। गुरुकुल कांगड़ी विवि के कुलपति प्रो. सोमदेव सतांशु ने कहा कि योग को अपने जीवन में नियमित रुप से धारण करना चाहिए।इस अवसर पर संस्था के कुलपति डॉ हरिगोपाल शास्त्री, डॉ अजय कौशिक, पूर्व सहायक मुख्याधिष्ठाता अभिषेक चौहान, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ जयपाल सिंह चौहान, डॉ मनमोहन शर्मा, डॉ अतुल मगन, सुखदेव सिंह, इन्द्राज सिंह, विनय चौहान, चौधरी हाकम सिंह आर्य, यशपाल आर्य, विजयपाल आर्य, डॉ रमेश चन्द्र शर्मा, डॉ मनुदेव बन्धु, विनीत कुमार चौहान, चतरपाल सिंह, डॉ विजय कुमार त्यागी, सहित अन्य अन्तरंग सभा के सदस्य उपस्थित रहे

## नवोदय नगर में विद्यालय का शुभारंभ

हरिद्वार। रोशनाबाद स्थित नवोदय नगर विद्यालय भवन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान, सभासद एवं नवोदय नगर समिति के अध्यक्ष सिंहपाल सिंह सैनी, जिला महामंत्री आशु चौधरी तथा अन्य सभी जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक नामांकन प्रारंभ हो गए हैं। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय कुमार, विशाल वालिया, ज्ञानेंद्र चौहान, ओंकार त्यागी, घनानंद शर्मा, अरविंद कुमार, पूनम देवी,अनुश्री, श्रेयांश आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल समेत तीन अस्पतालों में लगी हैल्थ एटीएम मशीन



हरिद्वार।तीन सरकारी अस्पताल जिला अस्पताल, महिला जिला अस्पताल और मेला अस्पताल में हैल्थ एटीएम मशीन पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग ने कुल छह मशीन भेजी हैं। प्रत्येक अस्पताल में दो मशीन लगाई जाएंगी। जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.चंदन मिश्रा ने बताया कि इस मशीन से मरीज की बेसिक जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी मशीन के इंस्टाल हो जाने के बाद पता चल सकेगा।

एक कंपनी के सीएसआर फंड से छह हैल्थ एटीएम मशीन हरिद्वार के तीन सरकारी अस्पताल में शनिवार को पहुंची हैं। जिसमें से जिला अस्पताल, महिला जिला अस्पताल और मेला अस्पताल में दो दो मशीन भेज भी दी गई हैं। जबकि अभी इन मशीनों को इंस्टाल करने कंपनी के इंजीनियर आएंगे। जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. चंदन मिश्रा ने बताया कि एटीएम मशीन से मरीजों की बेसिक जांच एक ही स्थान पर की जा सकेगी।

## लक्ष्मण रावत के निधन पर शोक

रुद्रप्रयाग। उत्तराखण्ड में सबसे पहले गढ़वाल के मोटे अनाज कोदा ओर झगोंरा को प्रमोट करने वाले गढ़भोज के संस्थापक ग्राम बच्चवाड़ के पूर्व प्रधान लक्ष्मण सिंह रावत का देहरादून अटैक आने से आकास्मिक निधन हो गया है। रावत की तबीयत बिगड़ने के बाद परिजनों ने उन्हें इंद्रेश अस्पताल में भर्ती किया था, जहां पर उन्होंने अंतिम सांस ली। लक्ष्मण सिंह रावत के आकास्मिक निधन पर विधायक भरत सिंह चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, आचार्य शिव प्रसाद मंमगाईं, समाजसेवी व प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत, राजेन्द्र रावत आदि ने उनके आकास्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया।

# डा. घिल्डियाल ने पुराने विवाद सुलझाए

गोपेश्वर। सहायक निदेशक शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा डा. चंडी प्रसाद घिल्डियाल ने चमोली दौरे के दौरान संस्कृत महाविद्यालयों के बरसों पुराने विवादों को सुलझाया।

सहायक निदेशक डा. चंडीप्रसाद घिल्डियाल ने बताया रुद्रप्रयाग एवं चमोली जनपद के दौरे के तहत उन्होंने रुद्रप्रयाग महाविद्यालय में प्रभारी प्रधानाचार्य पद पर प्रबंधकीय शिक्षक डॉ. शशि भूषण बमोला की प्रधानाचार्य पद भार दिया।

वहीं 31 मार्च को पुराने विवाद पर विराम लगाते हुए स्वामी सच्चिदानंद संस्कृत महाविद्यालय मंडल में स्वयं पहुंचकर शासकीय शिक्षक डॉ. जनार्दन प्रसाद नौटियाल को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा। प्रकरणों से जुड़े हुए लोगों के साथ-साथ बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के प्रतिनिधियों की महाविद्यालय स्टाफ के साथ संयुक्त बैठक में सहायक निदेशक डा. चंडीप्रसाद घिल्डियाल ने संस्कृत महाविद्यालयों में संस्कृत भाषा के गौरव के लिए मिलजुल कर कार्य करने की बात कही।

## पुरोला में चार शिक्षकों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

उत्तरकाशी । जूनियर हाईस्कूल पुजेली (खलाड़ी) के प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण बिजल्वाण व राजकीय इंटर कालेज गुंदियाटगांव प्रधानाचार्य पद से शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए जयवीर रावत को छात्रों, अभिभावकों तथा सहयोगियों ने भावभीनी विदाई दी।

देवदूंग सहकारी समिति के सचिव जगमोहन सिंह रावत को भी सेवानिवृत्ति पर सहयोगियों ने विदाई दी। जवाहर नवोदय विद्यालय धुनगिरी पुरोला से भी प्रशासनिक अधिकारी मृगेंद्र प्रसाद ममगाईं को भी सेवानिवृत्त पर विदाई दी।

# डीएम ने किये ओवर ऑल नोडल अधिकारी और नोडल अधिकारी नामित



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ाव में बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित कराये जाने एवं स्वच्छता जागरुकता रैली आयोजित किये जाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कार्यक्रम रोस्टर जारी करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला कार्यक्रम एवं बाल विकास अधिकारी को ओवर ऑल नोडल अधिकारी एवं नगर पालिका, नंगर पंचायत एवं सम्बन्धित संस्थाओं के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में केदारनाथ मार्ग एवं विभिन्न पडावों एवं केदारनाथ धाम में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता जागरुकता रैली आयोजन किये जाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन कार्यालय कक्ष में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की सफलता के लिए बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि केदारनाथ धाम व यात्रा मार्ग के विभिन्न पडावों में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था कराये जाने के लिए आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरुक किये जाने के लिए जागरुकता रैली का आयोजन किया जाना है, जिसके लिए 20 अप्रैल, 2023 को गुप्तकाशी में स्वच्छता आयोजन कार्यक्रम किया जाना है, जिसके लिए नोडल अधिकारी सेवा इंटरनेशनल को नामित किया गया है।

जिसमें सुलभ इंटरनेशनल, स्वजल, जिला पंचायत एवं नेहरु युवा केन्द्र इस कार्यक्रम में सहयोग करेगें। सीतापुर में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा जिसके लिए नेहरू युवा केन्द्र नोडल अधिकारी होगे तथा 4 मई को सोनप्रयाग में स्वच्छता रैली का आयोजन होगा। जिसके जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। 11 मई को गौरीकुण्ड में स्वच्छता रैली का आयोजन किया जायेगा जिसके लिए सुलभ इंटरनेशनल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिसमें वन विभाग, युवा कल्याण सहयोग करेगा। 18 मई को केदारनाथ धाम में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा, जिसके लिए नगर पंचायत केदारनाथ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिसके गढ़वाल मण्डल विकास निगम, जिला पंचायत, सुलभ इंटरनेशनल सहयोग करेगा। 25 मई 2023 को बड़ी लिनचोली में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा, जिसमें गढ़वाल मण्डल विकास निगम को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिसमें जिला पंचायत एवं सुलभ इंटरनेशनल सहयोग करेगा। 16 जून को गुप्तकाशी में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सेवा इंटरनेशनल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। 23 जून गौरीकुण्ड में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन होगा। जिसमें सुलभ इंटरनेशल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है जिसमें वन विभाग, युवा कल्याण विभाग सहयोग करेगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, परियोजना निदेशक डीआरडीए केके पन्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रेम सिंह रावत, क्षेत्रीय प्रबन्धक जीएमवीएन सुदर्शन खत्री, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ हर्षबर्धन रावत, तिलवाडा वासुदेव डंगवाल, अगस्त्यमुनि कैलाश पटवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में किशोरियों ने दिखाई प्रतिभा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : बाल विकास परियोजना अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग में बाल विकास परियोजना अधिकारी अगस्त्यमुनि सुश्री शैली प्रजापति की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा अन्तर्गत किशोरी बालिकाओं हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग हेतु ''मोटा अनाज एवं उसके महत्व'' विषय था।

कार्यक्रम अन्तर्गत मुख्य बाजार, वेलनी संगम बाजार, अपर बाजार एवं तिलणी की कुल 25 किशोरियों द्वारा प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों को विभाग द्वारा चार्ट पेपर, पैसिंल, रबर, कटर, स्कैच कलर एवं पेंटिंग कलर दिये गये। कार्यक्रम में किशोरियों को पोषण अभियान क्या है, इसकी जरुरत क्यों पड़ी तथा 2023 के पोषण पखवाडे में मुख्य थीम बताई गयी। किशोरियों को हिमालयी क्षेत्र में उत्पादित मोटे अनाज यथा मंडुवा, झंगोरा, मक्का एवं कौणी इत्यादि की महत्ता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में 4 किशोरियों द्वारा सबसे अच्छी पेंटिग बनाने पर किशोरियों को विभाग द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर देवेश्वरी कुवंर, पुष्पा खत्री, सुधा बंगवाल, आंगनवाडी कार्यकत्रियां अनीता नौटियाल, सुषमा रौथाण, सुमन खंडूरी, प्रतिभा, दीपा एवं किशोरियां उपस्थित थी।

# स्लीपर बस समेत नौ वाहन सीज, 17 के चालान

रुड़की। एआरटीओ ने देहात देहात क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर एक स्लीपर बस समेत नौ वाहन सीज किए जबकि 17 वाहनों के चालान किए।

एआरटीओ (प्रवर्तन) कुलवंत सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम बुग्गावाला नारसन आदि ग्रामीण इलाकों में पहुंची। जहां टीम ने ओवरलोड वाहन और अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया। इस बीच अमानगढ़ में एक ट्रक अवैध खनन से भरा चेकिंग टीम को मिला। चालक और क्लीनर को रोका गया। खुद को घिरता देख और कार्रवाई के डर से दोनों चेकिंग टीम को चकमा देकर वहां से फरार हो गए। चेकिंग टीम ने अवैध खनन में ट्रक पर 1.4 लाख का जुर्माना लगाया है। अवैध खनन के इस ट्रक को बुग्गावाला पुलिस के सुपुर्द किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन के मुताबिक 17 वाहनों के चालान किए गए हैं। जबकि 8 वाहनों को सीज किए है। 11 वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त कराने की संस्तुति की जा रही है। इसके अलावा एक स्लीपर बस भी नारसन में सीज की है। जो बिना टैक्स जमा के सीमा पार कर यहां आई थी।

## तीन लोगों का शांतिभंग में चालान

रुड़की। किशनपुर जमालपुर गांव में दो पक्ष के लोग आपस में गाली गलौच कर मारपीट करने पर उतारू थे। मामला बढ़ता देख ग्रामीणों ने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आपस में झगड़ रहे दोनों पक्षों के तीन लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि आपस में झगड़ रहे गुलजार, गुलबहार, आजाद निवासी किशनपुर जमालपुर का शांति भंग की धारा में चालान किया गया है।

## अप्रैल माह के अंत में होगी प्रतियोगिता

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : स्वर्गीय अमर देव और प्यारी देवी डबराल स्मृति निर्धन मेधावी छात्र-छात्रवृति प्रतियोगिता अप्रैल माह के अंत में होगी। कक्षा 1 से 12 तक के कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। आवेदन शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कालेज मानपुर में 15 अप्रैल तक प्राप्त किए जाएंगे।

## कांग्रेस में और बढ़ा विवाद

रुड़की। कांग्रेस में अध्यक्षों की घोषणा के बाद पार्टी में रार और बढ़ गई है। पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष पर पूर्व मेयर के बारे में अपशब्द कहने का आरोप लगा पार्टी छोड़ने का ऐलान किया है। दो दिन पहले कांग्रेस ने महानगर और जिलाध्यक्षों के नाम का ऐलान किया था। उसके बाद से ही जो खेमे पद की दौड़ से बाहर हो गए उन्होंने नाराजगी जतानी शुरू कर दी थी। कुछ लोग खुलकर सोशल मीडिया पर अपनी बात रख रहे थे। कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष बिट्टू शर्मा भी महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में थे।

# पेयजल संकट से जूझ रहे पौड़ी वासी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पिछले दिनों से हो रही बारिश से नानघाट पंपिंग पेयजल योजना क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे शहर के कई मोहल्लों में लोगों को पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है। उपभोक्तओं ने जल्द ही पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की मांग की है।



पौड़ी के कई मोहल्लों में पिछले 2 दिनों से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई है। जिससे लोगों कोभारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दो दिन से हो रही बारिश से नानघाट पंपिंग पेयजल योजना पैठाणी के समीप क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे शहर के अपर चोपड़ा, लोअर चोपड़ा, पेट्रोल पंप मोहल्ला, बिचली रांई, डांडा पानी सहित आधा दर्जन मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही। पेयजल आपूर्ति नहीं होने से उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, जल संस्थान के सहायक अभियंता सोहन सिंह जेठूडी ने बताया कि बारिश से नानघाट पेयजल योजना पैठाणी के समीप क्षतिग्रस्त हो गई है। बारिश से लाइन में मलबा आदिभर जाने से लाइन कई जगहों पर चोक हो गई है। बताया कि मौके पर विभागीय टीम कोभेज दिया गया है। टीम पेयजल व्यवस्था को सुचारु करने के लिए पूरे प्रयास कर रही है। जल्द ही पानी की सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

रुड़की। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक घर से लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई अता पता नहीं लगा। कोतवाली क्षेत्र के गांव ठस्का निवासी जोगेंद्र पुत्र कंवर पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 30 वर्षीय भाई आशु 29 मार्च की दोपहर को घर से निकला था।

जिसके बाद वह वापस नहीं आया। देर तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसकी सभी संभावित स्थानों पर तलाश की। लेकिन उसका कोई पता नहीं लग पाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज तलाश शुरू की है।

# बिना अनुमति के लगाए जा रहे खंभों का कार्य रोका

रुड़की। नगर के विभिन्न मोहल्लों में बिना अनुमति के एक दूरसंचार कंपनी ने सड़क खोदकर पिलर खड़े करने शुरू कर दिए।

नगर पालिका टीम ने मौके पर पहुंच उपकरण जब्त कर लिए।

मोहल्ला कायस्थान में कंपनी के ठेकेदार की ओर से खुदाई शुरू कराई गई तो सभासद तरुण सिंघल ने पालिका कार्यालय में शिकायत की।

इसके बाद पालिका प्रशासन हरकत में आया। पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर खुदाई और निर्माण करने वाले उपकण अपने कब्जे में ले लिए। पालिका के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल का कहना है कि ठेकेदार या दूरसंचार कंपनी को नगर में कहीं पर भी पिलर आदि लगाने हैं तो उसके लिए पालिका को आवेदन करना होगा। जेई रोड कटिंग और अन्य मदों का इस्टीमेट बनाकर कंपनी को देंगे।

इस्टीमेट की रकम जमा करने के बाद ही उन्हें अनुमति दी जा सकती है। ईओ ने कहा कि ठेकेदार ने बिना अनुमति के कहीं पर भी काम किया तो उसके खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# श्मशान घाट में ट्यूबवेल लगाए जाने पर प्रदर्शन

रुड़की। श्मशान घाट में ट्यूबवेल लगाए जाने के विरोध में लोगों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। साथ ही काम को भी रुकवा दिया गया।

नगर निगम क्षेत्र के सलेमपुर में स्थित शमशान घाट परिसर में ट्यूबवैल का बोरिंग लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। बोरिंग किए जाने और पानी का टैंक बनाए जाने का विरोध क्षेत्रवासी कर रहे हैं। स्थानीय निवासी आदेश सैनी सम्राट ने कहा कि क्षेत्र में निगम की काफी भूमि खाली पड़ी है और उसके बावजूद शमशान घाट की भूमि में यह निर्माण किया जाना ठीक नहीं है। दावा किया कि निगम की भूमि में निर्माण के लिए निगम से भी अनुमति नहीं ली गई है। झबरेड़ा विधानसभा क्षेत्र से भीम आर्मी अध्यक्ष अनुराग पंत ने भी कार्य का विरोध किया। इस दौरान अरुण सैनी, मोहित कुमार, सोनू कुमार, दीपक, आजाद, मुकेश, पूर्व प्रधान कुंवर पाल, पंकज शर्मा, अमित कुमार, अंकित, रामपाल, आदित्य सैनी, प्रवीण कुमार, घनश्याम, रवींद्र,अमित आदि मौजूद रहे।





## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23/08/2012 को निर्गत जन्म प्रमाण पत्र में गलती से मेरे पुत्र का नाम आदित्य सिंह के स्थान पर शिवांशवीर सिंह अंकित हो गया है, जो कि गलत है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में शिवांशवीर सिंह के स्थान पर आदित्य सिंह (ADITYA SINGH) संशोधित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।
महावीर सिंह पुत्र स्व. रामदयाल निवासी ग्राम उत्तरी झण्डीचौड पट्टी हल्दूखाता, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(0892/21)

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 27.04.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 01-GSU-MB-23-24 01.04.2023 |
| कार्य का नाम | Upgradation of Hapur station of Moradabad Division under Amrit Bharat scheme for building construction, Improvement of circulating area, entrance porch, toilet, waiting area & interior design etc. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 27.04.2023, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 60026406.98 |
| धरोहर राशि | 450100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 13.04.2023 |

नं. Dy.CE/GSU/MB/Publication-01/23-24 दिनांक- 01.04.2023 1000/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 17.04.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 27-GSU-MB-22-23-LT 24.03.2023 | 28-GSU-MB-22-23-LT 24.03.2023 | 29-GSU-MB-22-23-LT 24.03.2023 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Kotdwar Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATIONS SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Seohara Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATIONS SCHEME. | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Bulandsahar Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATIONS SCHEME. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 17.04.2023, 16:00 | 17.04.2023, 16:00 | 17.04.2023, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1559352.50 | 1575575.31 | 1768386.29 |
| धरोहर राशि | 31200.00 | 31600.00 | 35400.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 03.04.2023 | 03.04.2023 | 03.04.2023 |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक- 31.03.2023 994/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# देश के विकास में योगदान दे मेडिकल छात्र:मांडविया

ऋषिकेश। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार देर रात एम्स परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की इमरजेन्सी में भर्ती मरीजों से बातचीत कर एम्स द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। रात्रि विश्राम के बाद शनिवार की सुबह दिल्ली रवाना होने से पहले उन्होंने एम्स के अधिकारियों के साथ बैठक की। संस्थान की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया चमोली से देहरादून वापस लौटते हुए शुक्रवार देर रात एम्स ऋषिकेश पंहुचे। अस्पताल व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण कर उन्होंने एम्स के ट्रामा सेन्टर और मेडिसिन इमरजेंसी में भर्ती मरीजों से उनका हाल-चाल जाना। अस्पताल द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही इलाज सम्बन्धित स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि गरीबों के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।केंद्रीय मंत्री ने इसके बाद संस्थान के हास्टल पहुंचकर मैस में भोजन सम्बन्धी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर मेडिकल के छात्र-छात्राओं के साथ चाय पर चर्चा की। मांडविया ने छात्र-छात्राओं को देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मंत्री ने शनिवार सुबह दिल्ली रवाना होने से पूर्व एम्स के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अस्पताल व्यवस्थाओं और संस्थान की अन्य योजनाओं के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने मंत्री का स्वागत करते हुए उनके सम्मुख संस्थान की विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित विषयों को रखा। संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों से भी अवगत कराया। इस दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, डीन एकेडेमिक्स प्रो. जया चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल, डॉ. सुब्रह्मण्यम, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. विनोद, सिद्धार्थ, प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, राजेश जुयाल आदि मौजूद रहे।


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे कौसर एवं कुसुम दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। कौसर एवं कुसुम एक ही महिला के नाम है, यानि मेरे ही नाम है। मुझे मेरे उपरोक्त दोनों नामों से जाना, पहचाना व लिखा-पढ़ा जाय।

**कौसर उर्फ कुसुम निवासी गंगा दत्त जोशी मार्ग, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0893/21)


# उत्तराखंड में आध्यात्मिक टूरिज्म की बड़ी संभावनाएं:अग्रवाल

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड में आध्यात्मिक टूरिज्म की बड़ी संभावनाएं हैं। सरकार अध्यात्म के क्षेत्र में देशभर से श्रद्धालुओं को उत्तराखंड की ओर आकर्षित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।शनिवार को मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल मायाकुंड स्थित संत रामानंद आश्रम पहुंचे। वहां उन्होंने महामंडलेश्वर स्वामी अभिराम दास महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। मंत्री ने केदारनाथ धाम यात्रा की जानकारी भी दी। कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न सुविधाएं यात्रा मार्ग पर दी जा रही है। इसके चलते पिछले वर्षों की तुलना में रिकॉर्ड श्रद्धालु पहुंचने की उम्मीद है। केदारनाथ धाम की तर्ज पर ही बदरीनाथ धाम को भी भव्य बनाया जा रहा है। महामंडलेश्वर स्वामी अभिराम दास महाराज ने कहा कि उत्तराखंड देवों की भूमि है, यहां के कण-कण में देवी-देवताओं का वास है। आध्यात्मिक टूरिज्म के क्षेत्र में सरकार का प्रयास सराहनीय है।

## एम्स ऋषिकेश में सीबीआई ने दूसरे दिन भी खंगाले दस्तावेज

ऋषिकेश। सीबीआई की टीम ने दूसरे दिन शनिवार को भी एम्स ऋषिकेश में उपकरणों की खरीद, भर्तियों में गड़बड़ी और अन्य अनियमितताओं के जांच के लिए दस्तावेज खंगाले। इसके साथ ही एम्स के कुछ अधिकारियों से सीबीआई ने पूछताछ भी की है। सात सदस्यीय टीम ने अलग-अलग स्थानों पर एम्स के लोगों से जानकारी ली। सूत्रों की माने तो पूछताछ के दौरान अधिकारियों के बयान में बदलाव मिलने पर उनसे लिखित भी बयान लिए गए हैं। टीम दस्तावेजों की जांच में मिल रहे तथ्यों के आधार पर अधिकारियों से सवाल पूछ रही है।

शुक्रवार को सीबीआई की टीम ने एम्स ऋषिकेश में जांच-पड़ताल शुरू की थी। शुक्रवार रात सीबीआई की टीम रात करीब पौने दस बजे तक जांच-पड़ताल में जुटी रही। एम्स परिसर के बाद कुछ लोगों से उनके आवास पर भी पूछताछ की गई। शनिवार दोबारा सुबह आठ बजे से टीम ने पूछताछ शुरू की। सूत्रों के मुताबिक तथाकथित गड़बड़ी के मामलों में सीबीआई की टीम ने एम्स के अधिकारियों से अलग-अलग पूछताछ की। सूत्रों का कहना है कि पहले और अब की जा रही पूछताछ में अंतर पाये जाने पर सीबीआई ने उनसे लिखित में भी बयान लिए हैं। एक प्रोफेसर के बयान बिल्कुल अलग थे। सूत्रों का दावा है कि कई राज सीबीआई के हाथ लगे हैं। इससे कुछ और अधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है।

मालूम हो कि एम्स ऋषिकेश के पांच अधिकारियों समेत सात लोगों पर वित्तीय अनियमितता को लेकर पूर्व में मुकदमे दर्ज हुए थे। शुक्रवार को जांच पड़ताल के लिए सीबीआई के डीएसपी की अगुवाई में सात सदस्यीय टीम एम्स पहुंची। सीबीआई ने बीते साल 3 से 7 फरवरी और 22 अप्रैल को एम्स में जांच पड़ताल की थी।


## कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक :- 4922/ /नि0अनु0/आधु0शौ0/2022-23 दिनांक - 29-03-2023

### ई-टेण्डरिंग

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य की ई-निविदा (ऑनलाईन) सिंगल बिड सिस्टम के द्वारा नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से दिनांक 29-04-2023 तक निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें http://uktenders.gov.in में दिनांक 02-04-2023 से उपलब्ध रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लालबत्ती के समीप आधुनिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 87,000.00 | 2000+18% GST | 07 माह | 90 दिन | ''क'' |

नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

(0894/51)

# लोकतंत्र एक हथियार?

खुद अमेरिका में लोकतंत्र की सेहत अच्छी नहीं है– तो टीकाकारों ने कहा है कि बेहतर होता कि राष्ट्रपति बाइडन पहले उसे सुधारने पर ध्यान देते, ताकि उसके जरिए वे दुनिया के सामने एक मिसाल पेश कर पाते।

उठे कुछ गंभीर सवालों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रिय आयोजन– लोकतंत्र शिखर सम्मेलन का दूसरा संस्करण शुरू हुआ है। 28 से 30 मार्च तक चलने वाले इस सम्मेलन में वो 121 देश आमंत्रित हैं, जिन्हें अमेरिका लोकतांत्रिक समझता है। पहली बार इस शिखर सम्मेलन का आयोजन दिसंबर 2021 में हुआ था। तब 113 देश बुलाए गए थे। तब भी कई प्रश्न खुद पश्चिमी मीडिया में उठाए गए थे। इस बार ऐसे सवालों की गंभीरता कुछ अधिक बढ़ गई है। मसलन, इस विडंबना की तरफ ध्यान खींचा गया है कि सम्मेलन को 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशइ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस समय संबोधित करेंगे, जब कुछ ही रोज पहले उन्होंने अपने आलोचक विपक्षी नेता को संसद से बाहर करवा दिया है। इस क्रम में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के लोकतंत्र संबंधी पैमानों पर भारत की गिरती गई स्थिति का भी उल्लेख किया गया है। इसी तरह इस बात का उल्लेख भी हुआ है कि अमेरिका ने पाकिस्तान को भी इस सम्मेलन में आमंत्रित करने लायक समझा, जबकि वहां की शहबाज शरीफ सरकार की लोकतांत्रिक वैधता लगातार कठघरे में खड़ी है।

दरअसल, ऐसे उदाहरणों की कोई कमी नहीं है। असल में खुद अमेरिका में लोकतंत्र की सेहत अच्छी नहीं है– तो टीकाकारों ने कहा है कि बेहतर होता कि राष्ट्रपति बाइडन पहले उसे सुधारने पर ध्यान देते, ताकि उसके जरिए वे दुनिया के सामने एक मिसाल पेश कर पाते। बिना बेहतर मिसाल को मंच पर रखे आयोजित हो रहे शिखर सम्मेलन में लोकतंत्र की महिमामंडल का बखान कुछ अजीब–सा महसूस होगा। जिस समय फ्रांस की सड़कों पर प्रदर्शनकारियों से पुलिस बेरहमी के वीडियो दुनिया भर में वायरल हैं, तब कथित तानाशाही देशों को 'लोकतंत्र शिखर सम्मेलनइ के मंच से दिए गए ताने विश्व जनमत के लिए गले उतारना आसान नहीं होगा। उलटे इससे यह धारणा गहराएगी कि सम्मेलन के आयोजक लोकतंत्र में बिना अपनी किसी आस्था के इस सिस्टम या उसूल को एक हथियार बना रहे हैं, जिससे वे अपने प्रतिद्वंद्वी देशों को पीटना चाहते हैं। मगर चूंकि यह हथियार देखने में कमजोर लग रहा है, तो संभव है कि उससे प्रतिद्वंद्वी देश चोट महसूस करने के बजाय उलटे ताना देते नजर आएं।

# नेतन्याहू ने बांट दिया यहूदियों का दिल–दिमाग!

**श्रुति व्यास**



चाहे कुछ समय के लिए ही सही परन्तु आखिरकार बेंजामिन नेतन्याहू को झुकना पड़ा। लेकिन इसे लोकतंत्र की जीत मानना भूल होगी। सोमवार को देर शाम नेतन्याहू नेटीवी पर अपने लाईव संबोधन में संसद में न्यायिक सुधारों पर फैसले को रोकने की घोषणा की। उनका भाषण नाटकीयता से भरपूर था। आम लोगों में अपनी लोकप्रियता बनवाए रखनो के लिए कस्टमाईज्ड था। उन्होंने इजराइल में जनता के दो फाड़ होने की तुलना उस कहानी से की जिसमें बच्चे की असली मां का पता लगाने के लिए सुलैमान बच्चे को दो टुकड़ों में काटने का हुक्म देता है।

बेंजामिन नेतन्याहूउर्फ किंग बीबी, लोकलुभावन बातों, नारों और निर्णयों में विश्वास करने वाले इजराइल के सुपरहिट पोपुलिस्ट नेता रहे है। पर अब वे देश और विदेश दोनों में घृणास्पद। अब वे यहूदियों के विभाजक, लोकतंत्र विरोधी खलनायक नेता है। वे 15 साल से अधिक सत्ता में रह चुके हैं और सत्ता के नशे की गिरफ्त में है। अब सत्ता के बिना रह पाना उनके लिए संभव नहीं है। जिस तरह प्रधानमंत्री पद से उनकी विदाई अस्थाई थी उसी तरह सुधारों पर उनकी रोक भी अस्थायी है। बीबी को उम्मीद है कि देश में जो उबाल आया है, वह पासओवर (एक यहूदी त्यौहार) और उसके बाद के चंद हफ्तों में ठंडा पड़ जाएगा और तब उन्हें अपने आप को और अपनी सत्ता को बचाने का समय मिल जाएगा। उनके लिए देश को बचाने से अधिक जरूरी खुद को बचाना है।

बीबी पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं और उन पर मुकदमे चल रहा है। इसके चलते उन्हें लोकतंत्र में स्वंतत्र वजूद वाली न्यायपालिका से खासी एलर्जी है। इजराइल में बढ़ते जनाक्रोश से दुनिया में भी चिंता है। बीबी इसलिए भी दुःखी हैं क्योंकि उनकी छवि और प्रतिष्ठा पर आंच आई है। छठवीं बार सत्ता में आने के बाद उनके लक्ष्यों में ईरान के बढ़ते क़दमों को रोकना, जीवनयापन के लिए जरूरी खर्च घटाना, देश की सुरक्षा और शासन व्यवस्था को पहले जैसा बनाना और अरब देशों के साथ शांति प्रस्तावों को विस्तार देने की प्राथमिकता थी। परंतु इनमें से कुछ भी हासिल नहीं हो सका है। बल्कि उनकी काबिलियत पर अब प्रश्नचिन्ह हैं।

नेतन्याहू के जीवनी लेखक और 'हारेत्जइ नामक अखबार, जो इजराइल का प्रमुख और काफी हद तक स्वतंत्र अखबार है, में स्तंभलेखक अंशेल फेफर ने 'गार्जियनइ से कहा, "पहले बीबी के इस तरह से पीछे हटने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता था। वे कभी हालात को इस हद तक बिगडने ही नहीं देते कि चीज़ें उनके हाथ से निकल जाएं।"

बीबी अपनी राजनैतिक चतुराई के लिए जाने जाते हैं। उन्हें लोगों के मन की बात पढना आता है और वे बहुत धूर्तता से जनभावनाओं का इस्तेमाल अपने लाभ के लिए करना जानते हैं। इसलिए जब इजराइल में विरोध प्रदर्शन जोर पकडने लगे तो देश के अंदर और बाहर लोग आश्चर्य में है। नेतन्याहू यह समझ ही नहीं सके कि जनता में उनके खिलाफ कितना गुस्सा है और यह भी कि उनके स्वयं के सत्ताधारी गठबंधन में उन्हें पूर्ण समर्थन प्राप्त नहीं है। उन्होंने अपने रक्षामंत्री योव गेलेंट को बर्खास्त किया। वह इसलिए क्योंकि गेलेंट ने नए कानून के कारण सेना में मचे हंगामे और रिजर्व सैनिकों की अपनी सेवाएं न देने की घोषणा के मद्देनजर नए कानून को कुछ समय के लिए रोकने की मांग की थी। इन सबसे नेतन्याहू की राजनैतिक कमजोरी और अयोग्यता जाहिर हुई, जो पहले कभी नहीं देखी गई थी।

जाहिर है कि किसी भी चीज की अति नुकसानदेह होती है और किस्मत हमेशा किसी का साथ नहीं देते।

पर लगता है वे इतनी जल्दी हार नहीं मानेंगे। हाँ, वे अपने इरादों को हासिल करने की समय सीमा जरूर बढ़ा देंगे। वे अब थोड़ा हौले–हौले चलेंगे। अभी के लिए शायद वे यह मंजूर कर लें कि केनेसेट (संसद) को साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को रद्द करने का अधिकार न दिया जाए। परंतु वे जजों के चयन में कार्यपालिका के अधिक हस्तक्षेप को संभव बनाने वाले कानून लागू करेंगे। साथ ही अदालतों को इजराइल के बेसिक लॉस की चौकसी करने के अधिकार से वंचित कर देंगे।

अब तक बीबी न्याय व्यवस्था में परिवर्तन के देश में विरोध से निपटने में बहुत रूचि नहीं ले रहे थे क्योंकि यह उनका व्यक्तिगत एजेंडा नहीं था। यह लिकुड पार्टी के उनके साथी, न्याय मंत्री यारिव लेविन और रिलीजियस जायोनिस्ट पार्टी के एमके सिमचा रोटमेन, जो केनेसेट की न्याय और विधि समिति के अध्यक्ष हैं, की प्राथमिकता है। ये दोनों लंबे समय से इजराइल की शीर्षतम अदालत से विचारधारा के स्तर पर घोर नफरत करते हैं। उनका मानना है कि सुप्रीम कोर्ट को जरूरत से ज्यादा शक्तियां प्राप्त हैं और वह दक्षिणपंथियों के विरूद्ध पूर्वाग्रहग्रस्त है। यह सही है कि प्रस्तावित सुधार बीबी को जेल से बाहर रखने में मदद करेंगे परंतु अनेक झंझावातों से सुरक्षित निकल चुके नेतन्याहू जानते हैं कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के कई तरीके होते हैं।

समस्या यह है कि वक्त बीबी का साथ नहीं दे रहा है। प्रस्तावित कानून को मुल्तवी रखने से मिली राहत अस्थायी है और देश में उनकी स्थिति बहुत मजबूत नहीं है। ऐसा बताया जाता है कि बीबी ने कई हफ्तों तक यह प्रयास किया कि विपक्ष के साथ उनकी सुलह हो जाए परंतु वे इस स्थिति में नहीं हैं कि अपने बेलगाम अति–दक्षिणपंथी साथियों को बाहर का रास्ता दिखला कर नई सरकार बना सकें। नया चुनाव तो वे कतई नहीं चाहते। उनकी विश्वसनीयता में जबरदस्त कमी आई है और वे अपना जादू खो चुके हैं। अगर फिर से चुनाव हुए तो उनकी स्थिति अभी से खराब ही होगी।

मात्र तीन महीनों में बीबी की प्राथमिकताओं का उनके नस्लवादी और अपराधी साथियों ने सत्यानाश कर दिया है। इजराइल की अर्थव्यवस्था कमजोर हुई है। उसकी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति को बट्टा लगा है। ईरान अब भी बड़ा खतरा बना हुआ है और फिलिस्तीनियों और अरब देशों से रिश्ते और तनावपूर्ण हुए हैं। केवल तीन महीनों में बीबी ने यह साबित कर दिया है कि वे विवेकी शासक नहीं हैं। जेसिंडा अर्डेन और निकोला स्टर्जन ने अपने पदों से इसलिए इस्तीफा दे दिया था क्योंकि उन्हें लगा कि वे देश को विभाजित कर रहीं थीं। परंतु बीबी शायद ही ऐसा करें। केवल एक व्यक्ति की सत्ता की लिप्सा ने इजराइल को अराजकता में धकेल दिया है। समस्या जहां से शुरू हुई थी वहां वापस लौटना आसान नहीं होगा, जब तक कि नेतन्याहू को यह अहसास नहीं हो जाता कि उन्हें एक बुद्धिमान और विवेकपूर्ण शासक की तरह व्यवहार करना चाहिए।

बीबी अपनी राजनैतिक चतुराई के लिए जाने जाते हैं। उन्हें लोगों के मन की बात पढना आता है और वे बहुत धूर्तता से जनभावनाओं का इस्तेमाल अपने लाभ के लिए करना जानते हैं। इसलिए जब इजराइल में विरोध प्रदर्शन जोर पकडने लगे तो देश के अंदर और बाहर लोग आश्चर्य में है। नेतन्याहू यह समझ ही नहीं सके कि जनता में उनके खिलाफ कितना गुस्सा है और यह भी कि उनके स्वयं के सत्ताधारी गठबंधन में उन्हें पूर्ण समर्थन प्राप्त नहीं है। उन्होंने अपने रक्षामंत्री योव गेलेंट को बर्खास्त किया। वह इसलिए क्योंकि गेलेंट ने नए कानून के कारण सेना में मचे हंगामे और रिजर्व सैनिकों की अपनी सेवाएं न देने की घोषणा के मद्देनजर नए कानून को कुछ समय के लिए रोकने की मांग की थी। इन सबसे नेतन्याहू की राजनैतिक कमजोरी और अयोग्यता जाहिर हुई, जो पहले कभी नहीं देखी गई थी।

जाहिर है कि किसी भी चीज की अति नुकसानदेह होती है और किस्मत हमेशा किसी का साथ नहीं देते।

पर लगता है वे इतनी जल्दी हार नहीं मानेंगे। हाँ, वे अपने इरादों को हासिल करने की समय सीमा जरूर बढ़ा देंगे। वे अब थोड़ा हौले–हौले चलेंगे। अभी के लिए शायद वे यह मंजूर कर लें कि केनेसेट (संसद) को साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को रद्द करने का अधिकार न दिया जाए। परंतु वे जजों के चयन में कार्यपालिका के अधिक हस्तक्षेप को संभव बनाने वाले कानून लागू करेंगे।

# कई मेकअप उत्पादों का विकल्प बन सकता है कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन, जानिए तरीके



अब तक आप कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन का इस्तेमाल कॉन्टैक्ट लेंस को सुरक्षित रखने के लिए करते आ रहे होंगे, लेकिन यह मेकअप की कई छोटी–छोटी समस्याओं का समाधान भी बन सकता है। आप चाहें तो कई तरह के मेकअप उत्पादों के विकल्प के तौर पर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए आज कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन से जुड़े 5 बेहतरीन हैक्स के बारे में जानते हैं।

**सूखे मस्कारे को करे ठीक**

जब मस्कारा सूख जाता है तो कुछ लोग इसकी स्थिरता वापस पाने के लिए इसमें थोड़ा–सा बेबी ऑयल या पानी मिला देते हैं, लेकिन इससे एप्लिकेशन खराब हो सकता है। ऐसे में कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन का इस्तेमाल करना अच्छा हो सकता है।

लाभ के लिए सूखे कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन की 5 बूंदों को मस्कारा की बोतल में डालें। अगर मस्कारा कुछ महीने पुराना और परतदार है तो कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन की लगभग 8 बूंदें मिलाना सही रहेगा।

**आईशैडो को करें गहरा**

अगर आपका आईशैडो हल्का है तो इसे गहरा करने के लिए भी आप कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आईशैडो ब्रश को कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन से गीला करें और फिर अपना पसंदीदा आईशैडो लें। ध्यान रखें कि ब्रश को सॉल्यूशन से बहुत अधिक गीला न करें। इससे आईशैडो आंखों से नीचे गिरने लगेगा। इसके बाद आईशैडो को बंद आंखों पर लगाएं। आप यहां बाजार में मौजूद आईशैडों के बारे में बेहतर तरीके से जान सकते हैं।

**मेकअप साफ करने में भी है मददगार**

अगर आपके पास मेकअप रिमूवर नहीं है तो उसके विकल्प के तौर पर भी कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कॉटन पैड पर थोड़ा–सा कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन लें और फिर उससे मेकअप को हल्के हाथों से पोंछ सें। इससे आपका सारा मेकअप आसानी से हट जाएगा। यह न सिर्फ त्वचा की कोमलता से सफाई कर सकती है, बल्कि त्वचा को किसी भी तरह के नुकसान से बचाने में भी कारगर है।

**विभिन्न तरह का आईलाइनर बनाएं**

अगर आप अपने क्लासिक ब्लैक आईलाइनर से ऊब चुके हैं तो विभिन्न रंग के आईलाइनर बनाकर उनका इस्तेमाल करें। इसके लिए आईलाइनर ब्रश को कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन से गीला करें और इसे अपने पसंदीदा आईशैडो शेड पर फेरें। जब आईशैडो शेड ब्रश से चिपक जाए तो इसे आईलिड पर आईलाइनर की तरह लगाएं। इस तरीके से आप बाजार में मौजूद कई तरह के आईलाइनर्स की तरह नए आईलाइनर बना सकते हैं।

**आइब्रो को सेट करने में कर सकता है मदद**

कई बार आइब्रो स्टाइल करने के बाद भी सही आकार में नहीं रहती हैं। ऐसे में आईब्रो पेंसिल से अपनी आइब्रो बनाने के बाद आइब्रो ब्रश को कॉन्टैक्ट लेंस सॉल्यूशन से गीला करके इसे अपनी आइब्रो पर धीरे से फेरें। यह आपकी आइब्रो को घना और प्राकृतिक रूप देगा और उन्हें लंबे समय तक सही आकार में रखने में मदद करेगा।


# अयोग्यता कानून पर विचार की जरूरत

**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा से अयोग्यता की घटना ने सांसदों, विधायकों को अयोग्य बनाने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले की फॉल्टलाइन्स को जाहिर किया है। इससे पहले एकाध अपवादों को छोड़ दें तो जिन सांसदों और विधायकों की सदस्यता इस कानून की वजह से गई है वे किसी न किसी गंभीर अपराध में दोषी ठहराए गए थे। लालू प्रसाद दशकों से चल रहे चारा घोटाले में दोषी ठहराए गए थे तो जयललिता आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी ठहराई गई थीं। लेकिन राहुल गांधी अपने भाषण के लिए दोषी ठहराए गए हैं और उनकी सदस्यता समाप्त की गई है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के विधायक रहे आजम खान की सदस्यता भी भाषण की वजह से गई थी। हालांकि फर्क यह था कि आजम खान के भाषण को हेट स्पीच कहा गया था, जबकि राहुल का भाषण एक जाति या समुदाय के लिए अपमानजनक माना गया। इस पूरे मामले से कुछ जरूरी सवाल उठे हैं, जिनका जवाब तलाशना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

यह अच्छा है कि जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा आठ (तीन) को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिसमें किसी सांसद या विधायक को दो साल या उससे ज्यादा की सजा ऑटोमेटिक रूट से होती है। यानी दोषी करार दिए जाने और दो साल या उससे ज्यादा की सजा सुनाए जाते ही सदस्यता अपने आप समाप्त हो जाती है। राहुल गांधी के मामले में ऐसा ही हुआ है। लोकसभा सचिवालय ने सिर्फ औपचारिकता निभाई है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में इस कानून के कई पहलुओं में बदलाव की अपील की गई है। अयोग्यता के लिए अपराध की श्रेणी बनाने की वकालत की गई है। होना भी ऐसा ही चाहिए कि किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद ही सदस्यता समाप्त की जाए। चुनावी या राजनीतिक भाषण के आधार पर अगर अयोग्यता का फैसला होने लगे तो उससे लोकतंत्र के सामने बड़ा संकट पैदा होगा। उससे वाक और अभिव्यक्ति की आजादी का संवैधानिक प्रावधान भी प्रभावित होगा।

बहरहाल, राहुल गांधी की अयोग्यता से जो मुद्दे उठे हैं उनमें सिर्फ एक मुद्दे का जवाब सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई से निकलेगा। वह मुद्दा अपराध की श्रेणी का है। अदालत सभी पक्षों को सुन कर यह तय कर सकती है कि साधारण आरोपों या राजनीतिक मुकदमों में फैसले से सदस्यता प्रभावित नहीं होगी। सिर्फ गंभीर अपराध का दोषी ठहराए जाने पर ही सदस्यता समाप्त होगी। इसी से जुड़ा दूसरा और बड़ा मुद्दा मानहानि के मुकदमे का है। यह बहुत अस्पष्ट का मुद्दा है और इसका दायरा बहुत बड़ा है। राहुल के मामले में ही देखें तो उन्होंने कर्नाटक में भाषण दिया था और मुकदमा गुजरात में हुआ। अपने भाषण में उन्होंने कहा– एक छोटा सा सवाल है, इन सारे चोरों के नाम मोदी, मोदी, मोदी क्यों हैं, नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी, आप खोजेंगे तो और भी मिल जाएंगे। इस आधार पर गुजरात में भाजपा के एक विधायक पुरनेश मोदी ने राहुल पर मुकदमा किया, जबकि उन्होंने पुरनेश मोदी का नाम नहीं लिया था। आमतौर पर माना जाता है कि जिस व्यक्ति की मानहानि हुई है वही मुकदमा कर सकता है।



लोकसभा सचिवालय को कोई भी फैसला करने से पहले 30 दिन तक इंतजार करना चाहिए था। चुनाव आयोग को भी उपचुनाव की घोषणा की हड़बड़ी नहीं दिखानी चाहिए। इसी से जुड़ा यह मामला भी है कि लोकसभा या विधानसभा सचिवालय को तटस्थ और निरपेक्ष रहते हुए फैसला करना चाहिए। मिसाल के तौर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे आजम खान को सजा होते ही उनको अयोग्य घोषित कर दिया गया और उनकी सीट खाली घोषित कर दी गई।

लेकिन अभी ऐसा हो रहा है कि कोई भी व्यक्ति, कहीं भी मुकदमा कर सकता है। किसी के भाषण से किसी की भावना आहत हो जा रही है और वह कहीं भी मुकदमा दर्ज करा दिया जा रहा है। फिर भाषण देने वाले को पूरे देश में भागते रहना पड़ता है। इस खतरे को देखते हुए अमेरिका सहित कई विकसित लोकतांत्रिक देशों जैसे अमेरिका, ब्रिटेन आदि ने और दक्षिण एशिया में श्रीलंका जैसे देश ने भी मानहानि के मामले को आपराधिक मामले की श्रेणी से निकाल कर सिविल यानी दीवानी मुकदमे की श्रेणी में डाल दिया है। भारत में भी इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। भारत में इसकी ज्यादा जरूरत है क्योंकि इसके विस्तार और विविधता की वजह से एक हिस्से के लोग दूसरे हिस्से की संस्कृति और परंपराओं से अपरिचित होते हैं और कई बार अनजाने में ऐसी टिप्पणी कर देते हैं, जिसे मानहानिकारक माना जाता है। कई बार राजनीतिक बदले की भावना से भी किसी की टिप्पणी को तोड़ मरोड़ कर उस पर मुकदमा किया जाता है। इसे दीवानी मामला बनाने से इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

दूसरा मुद्दा कानून के अनुपालन का है। जिस तरह कानून के मुताबिक किसी भी सांसद को दो साल या उससे ज्यादा की सजा होते ही स्वाभाविक रूप से उसकी सदस्यता समाप्त हो जाती है उसी तरह अगर ऊपरी अदालत सजा पर रोक लगा देती है और उसे निलंबित कर देती है तो स्वाभाविक रूप से सदस्यता बहाल हो जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में अपने एक फैसले में इसे साफ किया है कि सजा पर रोक लगने बाद तुरंत सदस्यता बहाल होनी चाहिए। लेकिन लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल के मामले में ऐसा नहीं हुआ है। उनको हत्या के प्रयास का दोषी मान कर सजा सुनाई गई। सजा सुनाते ही लोकसभा ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी और कुछ दिन के बाद चुनाव आयोग ने उनकी सीट खाली घोषित कर दी। बाद में हाई कोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी और फिर सुप्रीम कोर्ट ने सीट खाली करने की चुनाव आयोग की घोषणा पर रोक लगा दी। इसके बावजूद अभी तक लोकसभा सचिवालय ने मोहम्मद फैजल की सदस्यता बहाल नहीं की।

सो, ऑटोमेटिक रूट से सदस्यता बहाल करने के नियम का अनुपालन भी अनिवार्य होना चाहिए। साथ ही यह भी तय होना चाहिए कि लोकसभा सचिवालय और चुनाव आयोग दोनों ऊपरी अदालत के फैसले का इंतजार करें। राहुल गांधी के मामले में निचली अदालत ने उनको सजा सुनाने के बाद जमानत दे दी और 30 दिन के लिए उनकी सजा निलंबित कर दी ताकि वे ऊपरी अदालत में अपील कर सकें।

लोकसभा सचिवालय को कोई भी फैसला करने से पहले 30 दिन तक इंतजार करना चाहिए था। चुनाव आयोग को भी उपचुनाव की घोषणा की हड़बड़ी नहीं दिखानी चाहिए। इसी से जुड़ा यह मामला भी है कि लोकसभा या विधानसभा सचिवालय को तटस्थ और निरपेक्ष रहते हुए फैसला करना चाहिए। मिसाल के तौर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे आजम खान को सजा होते ही उनको अयोग्य घोषित कर दिया गया और उनकी सीट खाली घोषित कर दी गई। लेकिन भाजपा के विधायक विक्रम सैनी को सजा होने के एक महीने बाद तक अयोग्य नहीं किया गया। उसके लिए दूसरी पार्टियों को मुहिम चलानी पड़ी तब विक्रम सैनी की सदस्यता समाप्त की गई। सो, ऐसे मामलों में संवैधानिक संस्थाओं का पूर्वाग्रहरहित होकर फैसला करना लोकतंत्र की जरूरी शर्त है।

# मेकअप से जुड़े इन भ्रमों में नहीं है कोई सच्चाई, जानिए क्या है हकीकत

आपको सोशल मीडिया और ब्यूटी इंफ्लुएंसरों के जरिए कई शानदार मेकअप टिप्स मिल जाएंगे, लेकिन इनमें से अधिकतर भ्रम और गलत धारणाएं ही साबित होते हैं। बड़ी बात यह है कि ये भ्रम हकीकत से दूर होते हैं और इनसे महिलाओं को गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको मेकअप से जुड़े कुछ ऐसे कुछ भ्रम और उनकी सच्चाई के बारे में बताते हैं, ताकि आप इनके झांसे में आने से आसानी से बच सकें।

भ्रम– प्राइमर और मॉइस्चराइजर एक ही तरह से काम करते हैं

अगर आपको लगता है कि प्राइमर और मॉइस्चराइजर एक ही तरह से काम करते हैं तो ऐसा नहीं है। सच्चाई यह है कि मॉइस्चराइजर पूरी तरह से प्राइमर से अलग होता है। प्राइमर त्वचा और मेकअप के बीच एक सुरक्षित परत कायम करता है। यह चेहरे पर किए गए मेकअप को लंबे समय तक ठीक रखने और त्वचा को हाइड्रेट करने में भी काफी मदद कर सकता है, जबकि मॉइस्चराइजर सिर्फ त्वचा का रूखापन दूर सकता है।

भ्रम– अपने माथे, गर्दन, गाल या हाथ से मैच करता हुआ फाउंडेशन चुनें

यह भी सिर्फ भ्रम है कि अपने माथे, गर्दन, गाल या हाथ से मैच करके अपना फाउंडेशन चुनें। सच तो यह है कि माथे, गर्दन, गाल और हाथों की त्वचा का रंग चेहरे से बिल्कुल अलग होता है, वहीं तनाव और मौसम की स्थिति शरीर के बाकी हिस्सों की तुलना में चेहरे का रंग बदल सकती है। इसलिए सही फाउंडेशन शेड पाने के लिए हमेशा अपने चेहरे की जॉलाइन पर अपने फाउंडेशन का पैच टेस्ट करके ही खरीदें।

भ्रम– होठों का आकार बढ़ा सकता है लिप प्लंपर

यदि आपके पतले होंठ हैं तो आपको कई लोगों से लिप प्लंपर्स का इस्तेमाल करने की सलाह मिली होगी, लेकिन इस गलत धारण के कारण होठों में सूजन और जलन पैदा होती है। तथ्य यह है कि यह एक स्थायी लिप प्लंपिंग उपचार नहीं है।

## हिंदूफोबिया के खिलाफ दुनिया के इस देश में प्रस्ताव पारित, कहा– दुनिया के सबसे पुराने धर्मों में से एक हिंदू धर्म

**जॉर्जिया ,एजेंसी ।** अमेरिकी राज्य जॉर्जिया ने असेंबली में 'हिंदूफोबियाइ और 'हिंदू धर्म के विरोधियोंइ की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया के सबसे बड़े और सबसे पुराने धर्मों में से एक है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जॉर्जिया की एसेंबली ने इस प्रस्ताव में हिन्दू धर्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि विविधताएँ भरी कई संस्कृतियाँ इसका हिस्सा हैं। विभिन्न दर्शन/विचार को मानने वाले लोग हिन्दू धर्म का हिस्सा हैं। इसके साथ ही असेंबली में हिन्दू धर्म को स्वीकार्यता, आपसी सम्मान और शांति का धर्म भी बताया गया है। रिप्रेजेन्टेटिव लॉरेन मैकडोनाल्ड और टेड जोन्स ने ये प्रस्ताव पेश किया था। ये एटलांटा के सबअर्ब्स फोरसिथ का प्रतिनिधित्व करते हैं। बता दें कि, जॉर्जिया की सबसे बड़ी हिन्दू जनसंख्या सबअर्ब्स फोरसिथ में ही रहती है।

हिंदू धर्म के दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में 100 करोड़ से ज्यादा अनुयायी हैं। हिंदू धर्म में स्वीकृति, आपसी सम्मान और विविध परंपराओं का गठजोड़ है।

## कनाडा से अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे 8 लोग नदी में डूबे, मरने वालों में 5 भारतीय

**ओटावा ,एजेंसी।** अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश करने के बाद कनाडा–अमेरिका सीमा के पास सेंट लॉरेंस नदी के किनारे 2 बच्चों सहित आठ लोग मृत पाए गए। इसमें पांच भारतीय शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि उनके शव डूबी हुई नाव के पास पाए गए। शव दो परिवारों के बताए जा रहे हैं। इसमें एक परिवार भारतीय था वहीं, दूसरा परिवार रोमानिया मूल का था, जिनके पास से कनाडाई पासपोर्ट बरामद हुआ है। उधर, कनाडाई पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय पुलिस प्रमुख शॉन डुलुडे ने कहा कि अब कुल आठ शव पानी से बरामद किए गए हैं। इसमें 6 वयस्क और दो बच्चे शामिल हैं। बीती देर शाम को पहले 6 लोगों को शव बरामद हुए थे। जिन दो लोगों के शव बाद में मिले हैं, उसमें एक रोमानिया मूल का शिशु और भारतीय महिला शामिल है। कनाडा के अधिकारियों का मानना है कि सभी कनाडा से अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे।

## पाकिस्तान में फ्री राशन को लेकर फिर मची भगदड़, 3 बच्चों समेत 12 की मौत

**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में फ्री का राशन लेने को लेकर एक बार फिर भगदड़ की खबर सामने आई है। अभी तक की जानकारी के मुताबिक भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। घटना कराची के नौरस चौराहे में मौजूद कारखाने की बताई जा रही है।

पाकिस्तान में गेहूं का आटा अपने रेकॉर्ड दाम पर है। आम गरीब जनता की पहुंच से ये बाहर हो चुका है। फिर भी रमजान के महीने में कोई भूखा न रहे, इसके लिए कई संस्थाएं मुफ्त राशन बांटने का काम कर रही हैं। कराची में शुक्रवार को भी राशन बांटा जा रहा था, जहां बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। आटे की बोरियां कम थी वहीं उसे लेने वाले बड़ी संख्या में थे।

हर व्यक्ति अपने लिए एक बोरी चाहता था, जिसके कारण भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में महिलाएं और बच्चे जमीन पर गिर गए। लोग बिना देखे इनके ऊपर से गुजरते रहे, जिस वजह से 3 बच्चे और 8 महिलाओं की मौत हुई है।

# कुछ लोगों ने मेरी छवि धूमिल करने की 'सुपारी' दी: पीएम



**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार एक दिवसीय दौरे पर आए भोपाल आए। उन्होंने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर मध्य प्रदेश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले पीएम मोदी ने शहर के कुशाभाऊठाकरे हॉल में कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस–2023 में भी भाग लिया। कमलापति रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने रामनवमी पर इंदौर में हुए हादसे पर दुख जताया। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद पीएम मोदी ने कहा कि आज मध्य प्रदेश को अपनी पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मिली है। इससे भोपाल और दिल्ली के बीच का सफर और तेज हो जाएगा। यह ट्रेन प्रोफेशनल, नौजवानों, कारोबारियों के लिए नई–नई सुविधाएं लेकर आएगी। पीएम मोदी ने कहा– आज जिस भव्य रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर ये कार्यक्रम हो रहा है उसका लोकार्पण करने का सौभाग्य भी आप सभी ने मुझे दिया था। आज मुझे यहीं से दिल्ली के लिए देश की आधुनिकतम वंदे भारत ट्रेन को रवाना करने का अवसर भी दिया गया। रेलवे के इतिहास में बहुत कम ऐसा हुआ होगा कि एक ही रेलवे स्टेशन पर बहुत कम अंतराल में किसी प्रधानमंत्री का दो बार आना हो, लेकिन आधुनिक भारत में नई व्यवस्थाएं और नई परंपराएं बन रही हैं। आज का कार्यक्रम इसका सबसे उत्तम उदाहरण है। वंदे भारत को लेकर स्कूली बच्चों से बात की तो उनके भीतर ट्रेन को लेकर जो उत्सुकता और उमंग थी वह देखने योग्य थी। यानी एक तरफ से वंदे भारत ट्रेन विकसित होते भारत की उमंग और तरंग का प्रतीक है।

उन्हेंने कहा कि यह कार्यक्रम जब तय हो रहा था तो मुझे बताया गया कि एक अप्रैल को कार्यक्रम है। मैंने कहा कि एक तारीख को क्यों रखते हो। जब अखबार में खबर आएगी कि एक अप्रैल को नरेंद्र मोदी वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखाने वाले हैं, तो हमारे कांग्रेस के मित्र जरूर बयान देंगे कि यह मोदी तो अप्रैल फूल करेगा। लेकिन, एक अप्रैल को ही ट्रेन चल पड़ी है। यह हमारे कौशल, सामर्थ्य और आत्मविश्वास का प्रतीक है।

ट्रेन से पर्यटन और विकास की बात

पीएम मोदी बोले– दिल्ली और भोपाल के बीच चलने वाले वंदे भारत ट्रेन पर्यटन क्षेत्र में बढ़ा योगदान देने वाली है। इससे सांची स्तूप, भीमबेटिका, भोजपुर और उदयगिरी जैसे पर्यटन स्थलों पर आवाजाही और बढ़ेगी। इससे रोजगार के अवसर बढ़ने लग जाते हैं और लोगों की आय भी बढ़ जाती है। यानी यह वंदे भारत प्रदेश के लोगों की आय और क्षेत्र के विकास का माध्यम बनेगी।

पीएम मोदी ने कहा– 21वीं सदी का भारत नई सोच और नई अप्रोच के साथ काम कर रहा है। पहले की सरकारें तुष्टीकरण में इतना व्यस्थ रहीं कि देशवासियों के संतुष्टीकरण पर उनका ध्यान ही नहीं गया। वे लोग वोटबैंक के तुष्टकीरण में जुटे हुए थे। हम देशवासियों के संतुष्टीकरण के लिए समर्पित हैं। पहले की सरकारों में एक और बात पर बहुत जोर रहा कि वह देश के एक परिवार को देश का प्रथम परिवार मानती रही।

पीएम मोदी ने कहा– पुरानी सरकारों ने देश के गरीब, मध्यम वर्गीय परिवार को तो उनके हाल पर ही छोड़ दिया। इन परिवारों की आशाएं, अपेक्षाएं उनको पूछने वाला ही कोई नहीं था। भारतीय रेल इसका जीता जागता उदाहरण है। भारतीय रेल सामान्य भारतीय परिवार की सवारी है। माता–पिता, बच्चे, दादा–दादी, नाना–नानी सबको एकसाथ जाना हो तो दशकों से लोगों को सबसे बड़ा साधन रेल रही है। क्या सामान्य भारतीय परिवार की इस सवारी को समय के साथ आधुनिक नहीं किया जाना चाहिए था। क्या रेलवे को ऐसे ही बदहाल छोड़ देना सही था। आजादी के बाद भारत को एक बना बनाया रेलवे नेटवर्क मिला था, तब की सरकारें चाहती तो बहुत तेजी से रेलवे को आधुनिक बना सकती थी। लेकिन, राजनीतिक स्वार्थ्य के लिए रेल को ही बलि चढ़ा दिया गया। हाल यह था कि आजादी के दशकों के बाद भी हमारे नार्थ ईस्ट के राज्य ट्रेन से नहीं जुड़े थे।

मोदी ने कहा कि 2014 में जनता ने मुझे सेवा का अवसर दिया तो मैंने तय किया कि अब ऐसा नहीं होगा। रेलवे का कायाकल्प होकर रहेगा। हमारा ये प्रयास रहा है कि भारतीय रेल दुनिया का सर्वश्रेष्ठ रेल नेटवर्क कैसे बने। इतने बढ़े रेलवे नेटवर्क में पहले जगह–जगह मानव रहित फाटक थे। वहां से अक्सर दुर्घटनाओं होती थीं, स्कूल के बच्चों की मौत की खबरें दिल दहला देती थी। आज ब्रांडग्रेज नेटवर्क मानव रहित फाटकों से मुक्त हो चुका है। भारतीय रेल बहुत बहुत अधिक सुरक्षित हुई है। शिकायतों का तुरंत कार्रवाई की जाती है, महिलाएं और बेटियां ट्रेन में सुरक्षित हैं। साफ–सफाई और ट्रेनों के लेट होने की शिकायतें भी कम हो रही हैं। टिकटों की कालाबाजारी को टेक्नोलॉजी का उपयोग कर बंद किया गया है। रेलवे छोटे शिल्पकारों, कारीकारों के उत्पादों को देश के कोने तक पहुंचाने का भी माध्यम बन रही है। यात्री स्टेशन पर ही उत्पाद खरीद सकते है। इसके 600 स्टेशनों पर आउट लेट बनाए जा चुके हैं।

रेलवे स्टेशनों को आधुनिकरण किया जा रहा है। 6 हजार से अधिक स्टेशनों पर वाईफाई की सुविधा है। 900 से ज्यादा प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। वंदे भारत जैसे ट्रेन चल रहीं हैं। देश के हर कोने से वंदेभारत चलाने की मांग की जा रही है। पहले सांसदों की चिट्ठियां आती थी कि फलानी ट्रेन रोकने की व्यवस्था की जाए, लेकिन आज मुझे गर्व है कि सांसद चिट्ठी लिखकर कहते हैं कि हमारे यहां भी वंदे भारत शुरू की जाए।

बीते 9 साल में हमारी सरकार ने रेलवे का बजट लगातार बढ़ाया है। मध्य प्रदेश के लिए इस बार 13 हजार करोड़ से अधिक का बजट दिया गया है। 2014 से पहले ये औसतन 600 करोड़ के करीब था। रेलवे के आधुनिकरण का उदाहरण इलेक्ट्रिफिकेशन का काम भी है। जिन 11 राज्यों में शत प्रतिशत बिजली करण हुआ है, उनमें मध्य प्रदेश भी शामिल है। 2014 से पहले हर साल औसतन 600 किमी रेलवे रूट का इलेक्ट्रिफिकेशन होता था। अब हर साल औसतन 6 हजार किमी रेलवे रूट का इलेक्ट्रिफिकेशन हो रहा है। यह हमारी सरकार के काम करने की रफ्तार है।

मध्य प्रदेश पुराने दिनों को पीछे छोड़ चुका है। प्रदेश निरंतर विकास की नई गाथा लिख रहा है। खेती हो या उद्योग, प्रदेश का साम्यर्थ देश को साम्यर्थ दे रहा है। विकास के जिन पैमानों पर कभी मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था। उनमें से अधिकतर में मध्य प्रदेश का प्रदर्शन प्रशंसनीय है। गरीबों के घर बनाने में अग्रणी है। हर घर जल पहुचाने में भी अच्छा काम कर रहा है। गेहूं समेत अन्य सफल के उत्पादन में भी मध्य प्रदेश के किसान रिकॉर्ड बना रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा– हमारे देश में कुछ लोग हैं जिन्होंने संकल्प लिया है कि हम मोदी की छवि को धूमिल करके रहेंगे। इसके लिए इन लोगों ने भांति–भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है और खुद भी मोर्चा संभाले हुए हैं। इनका साथ देने के लिए कुछ लोग देश में और कुछ देश के बाहर बैठकर भी काम कर रहे हैं। यह लोग लगातार कोशिश करते रहे हैं कि किसी तरफ मोदी की छवि को धूमिल कर दें। लेकिन आज भारत के गरीब, मध्य वर्ग, आदिवासी, दलित पिछले, हर भारतीय मोदी का सुरक्षा कवच बना हुआ है। इसलिए यह लोग बौखला गए हैं। नए नए पैतरे अपना रहे है। 2014 में उन्होंने मोदी की छवि धूमिल करने का संकल्प लिया। अब संकल्प लिया है कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। इनकी साजिश के बीच आपको और देशवासियों को देश के विकास और राष्ट्र निर्माण पर ध्यान देना है। हमें विकसित भारत में मध्य प्रदेश की भूमिका को और बढ़ाना है। यह नई वंदे भारत ट्रेन इसी संकल्प का हिस्सा है।

## अयोग्य सांसदों को चुनाव लड़ने के मामले में दायर किया हलफनामा




### कहा– केंद्र ले सकती है निर्णय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने शीर्ष अदालत को बताया कि दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराए गए सांसदों को सदन की उसी अवधि के दौरान उपचुनाव लड़ने से रोकने के लिए निर्वाचन आयोग की कोई भूमिका नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर एक हलफनामे में चुनाव आयोग ने कहा कि कांग्रेस नेता जया ठाकुर द्वारा दायर की गई याचिका पर केंद्र सरकार ही किसी प्रकार की निर्णय ले सकती है।

चुनाव आयोग ने कहा कि याचिका में शामिल मुद्दा संविधान के अनुच्छेद 191 (1) (ई) से संबंधित है। आयोग ने बताया कि वर्तमान याचिका उन मामलों से संबंधित है, जिनका अनुच्छेद 32 के तहत आयोग के कार्यक्षेत्र के संदर्भ में चुनाव के संचालन से कोई संबंध नहीं है और केंद्र सरकार इस मामले में की गई प्रार्थनाओं पर फैसला लेने के लिए उपयुक्त है।

मालूम हो कि कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने शीर्ष अदालत में दायर अपनी याचिका में कहा था कि राजनीतिक दलों द्वारा राजनीतिक दोष के आधार पर अयोग्यता पर संविधान के 10वें अनुसूची के प्रावधान को निरर्थक और बेकार बनाने के लिए एक ठोस अखिल भारतीय प्रयास किया गया है। याचिका में कहा गया था कि 10वीं अनुसूची के तहत सदन का सदस्य एक बार अयोग्य हो जाता है, तो उसे उस अवधि के दौरान फिर से चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती है जिसके लिए वह निर्वाचित हुआ था।

## ईडी ने डीए मामले में 1.10 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में 1.10 करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश जारी किया है, एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बेंगलुरु में कावेरी सिंचाई निगम लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक टीएन चिक्करायप्पा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ईडी ने टीएन चिकारयप्पा के खिलाफ बेंगलुरु शहर के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (अब कर्नाटक लोकायुक्त, बेंगलुरु) द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया।इसके अलावा, एसीबी, बेंगलुरु द्वारा चिकरयप्पा और अन्य आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ शहर के सिविल और सत्र न्यायाधीश, बेंगलुरु की अदालत में आरोप पत्र भी दायर किया गया था।

### कोरोना वायरस के बढ़ रहे मामले

## डब्ल्यूएचओ ने की बुजुर्गों और कमजोर समूहों के लिए बूस्टर डोज की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना संक्रमण अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। कई देशों में एक बार फिर से कोविड–19 के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसी के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुजुर्गों और अन्य कमजोर समूहों के लिए बूस्टर डोज की सिफारिश की है।




संक्रमण और वैक्सीनेशन के कारण ओमिक्रोन और उच्च जनसंख्या–स्तर की प्रतिरक्षा के प्रभाव को दर्शाने के लिए कोविड वैक्सीन के उपयोग को प्राथमिकता देने के लिए रोडमैप को संशोधित किया।

एसएजीई अध्यक्ष डॉ हन्ना नोहिनेक ने एक बयान में बताया कि संशोधित रोडमैप उन लोगों के वैक्सीनेशन के महत्व पर फिर से जोर देता है जो अभी भी गंभीर बीमारी के जोखिम में हैं, ज्यादातर पुराने वयस्क और अतिरिक्त बूस्टर के साथ अंतर्निहित स्थिति वाले हैं।

संशोधित रोडमैप में कोविड वैक्सीनेशन के लिए तीन प्राथमिक उपयोग समूहों की रूपरेखा दी गई हैः उच्च, मध्यम और निम्न।

ये प्राथमिकता समूह मुख्य रूप से गंभीर बीमारी और मृत्यु के जोखिम पर आधारित होते हैं, और वैक्सीन के प्रदर्शन, लागत–प्रभावशीलता, कार्यक्रम संबंधी कारकों और सामुदायिक स्वीकृति पर विचार करते हैं।

उच्च प्राथमिकता वाले समूह में वृद्ध वयस्क, महत्वपूर्ण कॉमरेडिटी वाले युवा वयस्क, छह महीने की उम्र के बच्चों और वृद्ध गर्भवती व्यक्तियों और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सहित इम्यूनोकॉम्प्रोमाइजिंग स्थितियों वाले लोग शामिल हैं।

उच्च प्राथमिकता वाले समूह के लिए, एसएजीई अंतिम खुराक के बाद 6 या 12 महीने के अतिरिक्त बूस्टर की सिफारिश करता है, जिसकी समय सीमा उम्र और इम्यूनो कम्प्रोमाइजिंग स्थितियों जैसे कारकों पर निर्भर करती है।

डब्ल्यूएचओ ने यह भी कहा कि सभी कोविड वैक्सीन सिफारिशें समय–सीमित हैं और केवल वर्तमान महामारी परिध्श्य के लिए ही लागू की जानी चाहिए। इस प्रकार वैश्विक स्वास्थ्य निकाय ने कहा कि अतिरिक्त बूस्टर के लिए सिफारिशों को निरंतर वार्षिक कोविड वैक्सीन बूस्टर के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

नोहेनेक ने कहा कि देशों को यह तय करने में अपने विशिष्ट संदर्भ पर विचार करना चाहिए कि स्वस्थ बच्चों और किशोरों जैसे कम जोखिम वाले समूहों को टीकाकरण जारी रखना है या नहीं, जबकि नियमित टीकों से समझौता नहीं करना चाहिए, जो इस आयु वर्ग के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में शनिवार को बीते 24 घंटे के दौरान 2,994 नए कोविड संक्रमण दर्ज किए और सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 16,354 हो गई, जबकि 9 मौतों के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,876 हो गई। दिल्ली, कर्नाटक और पंजाब में दो–दो, गुजरात से एक और केरल से दो लोगों की मौत हुई।

## भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी लगातार देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर संसद से लेकर सड़क तक, रैलियों से लेकर जनसभाओं तक और सोशल मीडिया पर भी भ्रष्टाचार को लेकर हमला बोल रही है। इसी अभियान के तहत भाजपा ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक और बैनर शेयर किया, इसमें दो तस्वीरों के जरिए कांग्रेस के शासनकाल को करप्शन काल और भाजपा के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल को अमृत काल बताते हुए जनता को यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि दोनों में कितना ज्यादा फर्क है।

इस बैनर की पहली तस्वीर में कांग्रेस के शासनकाल में देश के अन्नदाताओं( किसानों ) की बुरी हालत को दिखाते हुए यह कहा गया है कि करप्शन काल में 1 रुपया भेजा जाता था, तो उसमें से 15 पैसा भी किसानों के पास पूरा नहीं पहुंचता था। दूसरी तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डीबीटी के माध्यम से किसानों को सीधे पैसा देते हुए दिखाया गया है, जिसमें किसान यह कहता नजर आ रहा है कि आज पूरे का पूरा पैसा पहुंचता है। भाजपा ने इसे अमृतकाल कहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भाजपा केन्द्रीय कार्यालय विस्तार का लोकार्पण करते हुए कांग्रेस और अन्य विरोधी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि कुछ दलों ने मिलकर भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान छेड़ा हुआ है। जो लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, उन पर जब एजेंसियां कार्रवाई करती हैं, तो एजेंसियों पर हमला किया जाता है। जब कोर्ट कोई फैसला सुनाता है, तो कोर्ट पर सवाल उठाया जाता है। उन्होंने आंकड़ों के साथ यह भी दावा किया था कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर तेजी से कार्रवाई हो रही है ।

## तुम्हारा भी सिद्धू मूसेवाला जैसा हाल करेंगे... लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने संजय राउत को दी धमकी

**मुंबई एजेंसी।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की ओर से मिली है। इस धमकी के बाद संजय राउत ने पुलिस से इसकी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग बॉलीवुड स्टार सलमान खान को भी जान से मारने की धमकी दे चुका है। साथ ही पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर आरोप लगे हैं।

पुलिस ने बताया कि शिवसेना (उद्धव ठाकरे) नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत को धमकी भरा संदेश मिला है। जिसमें लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने संजय राउत को धमकी दी है कि सिद्धू मूसेवाला गैंग की तरह ही उनकी हत्या कर दी जाएगी। संजय राउत ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संजय राउत को भेजे गए धमकी भरे संदेश में कहा गया है कि 'दिल्ली में मिला तो एके47 से उड़ा दूंगा।इ साथ ही कहा है कि 'तू और सलमान फिक्स हैं।इ पुलिस ने इस मामले में पुणे से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है, जिसे मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है।

फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। संजय राउत का कहना है कि महाराष्ट्र में नई सरकार के आने के बाद हमारी सुरक्षा हटाई गई। अब हमें जान से मारने की धमकी मिल रही है। इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बीते साल सलमान खान और उनके पिता सलीम खान को भी धमकी भरा पत्र भेजा था। यह धमकी भरा पत्र सलमान खान के घर के बाहर मिला था। इसे लेकर पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ भी की थी। सलमान खान एक फिल्म की शूटिंग के दौरान काले हिरण के शिकार मामले में आरोपी थे। हालांकि बाद में उन्हें राजस्थान उच्च न्यायालय से बरी कर दिया गया था। लॉरेंस, बिश्नोई समुदाय से ताल्लुक रखता है और बिश्नोई समुदाय काले हिरण को पूजता है। यही वजह है कि सलमान खान को काले हिरण शिकार मामले में लॉरेंस गैंग की तरफ से धमकी दी जा रही है और माफी मांगने की मांग की जा रही है।

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की बीते साल गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## आईआईटी मद्रास के शिक्षक काशी के बच्चों को करेंगे शिक्षित

**वाराणसी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के बच्चों को आईआईटी मद्रास की फैकल्टी ने पढ़ाने का बीड़ा उठाया है। इसे लेकर आईआईटी मद्रास व बेसिक शिक्षा कार्यालय के बीच प्रोजेक्ट विद्या शक्ति को लेकर एक करार हुआ है, इसमें वाराणसी के सरकारी स्मार्ट स्कूल में आईआईटी मद्रास के शिक्षक ऑनलाइन पढ़ाएंगे। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर वाराणसी के 100 स्कूलों में ऑनलाइन क्लास शुरू होगी। इस प्रोजेक्ट के तहत बच्चों को गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषय पढ़ाया जाएगा, जिससे सौ लोगों को रोजगार भी मिलेगा।बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविन्द पाठक ने बताया कि आईआईटी मद्रास से एक कॉन्ट्रैक्ट हुआ है, इसमें वाराणसी के सरकारी स्कूलों के क्लास 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को आईआईटी के शिक्षक पढ़ाएंगे।

## रामनवमी वाईलेंस : नहीं थमा बवाल– इंटरनेट बैन, धारा–144 लागू

**नई दिल्ली एजेंसी।** रामनवमी का पर्व 30 मार्च को पूरे देश में उत्साह के साथ मनाया गया। हालांकि, इस दौरान देश के अलग–अलग राज्यों में शोभायात्रा पर पत्थरबाजी की घटनाओं से दंगे की स्थिति पैदा हो गई। महाराष्ट्र, गुजरात, यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और तेलंगाना में करीब 12 जगह हिंसा फैलाई गई। दंगाइयों ने इस कदर उत्पात मचाया कि लोगों की आत्मा तक सहम गई। पश्चिम बंगाल से लेकर गुजरात और महाराष्ट्र तक शांति और सौहार्द जैसे शब्दों को आग के हवाले कर दिया गया।

हालांकि में इनमें सबसे ज्यादा बुरे हालात संभाजीनगर, वडोदरा, हावड़ा, सोनीपत, सासाराम और बिहार रशरीफ में देखने को मिले। कई इलाकों में इंटरनेट बैन कर दिया गया है तो कहीं धारा–144 लागू कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी धरपकड़ कर रही है। आइए जानते हैं कहां कैसे भड़की हिंसा और अभी वहां क्या हैं हालात।

इस दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने वाला सिस्टम भी आग की धधकती लपटों में स्वाहा हो गया। हैरानी इस बात की है सिर्फ रामनवमी के दिन ही हिंसा नहीं हुई, अगले दिन भी फोर्स तैनात होने के बावजूद भीड़ पत्थर चलाती दिखाई दी।

सासाराम के सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मनोज कुमार ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान शाह जलाल पीर, सोना पट्टी, कादिर गंज और नवरत्न पीर जैसे इलाकों में आक्रोशित भीड़ ने कई दुकानों और वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। उन्होंने जमकर पत्थरबाजी की थी, जिसमें दो पुलिस कर्मियों समेत कई लोग घायल हुए हैं। इसके बाद कई इलाकों में धारा–144 लागू कर दी है। सासाराम की गोला बाजार, कादिरगंज, मुबारकगंज, चौखंडी और नवरत्न बाजार पूरी तरह से बंद हैं। पुलिस–प्रशासन का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति अभी भी बनी हुई है। पूरे इलाके में भारी सुरक्षाबल तैनात है। पुलिस इलाके में मार्च कर रही है। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 2 अप्रैल को सासाराम में एक कार्यक्रम में शामिल होने आएंगे।

नालंदा के बिहार शरीफ में भी हिंसा भड़क गई थी। यहां शोभायात्रा निकालने के दौरान दो समुदायों हिंसक झड़प के बाद पत्थरबाजी हुई थी। इस दौरान कई राउंड फायरिंग भी हुई, जिसमें पांच जख्मी भी हो गए। कई घरों और दुकानों में भी तोड़–फोड़ की सूचना है। बिहारशरीफ में धारा–144 भी लागू की गई है।

# राशिद ने बिगाड़ा चेन्नई का खेल, गुजरात टाइटंस पांच विकेट से जीता



अहमदाबाद ,। धारदार गेंदबाजी (26 रन पर दो विकेट) के बाद मैच के निर्णायक क्षणों में लगातार दो गेंदों पर चौका और छक्का जड़ कर राशिद खान ने चेन्नई सुपरकिंग्स के जबड़े से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का उदघाटन मुकाबला छीन कर गत विजेता गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से जीत दिलायी।

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर चेन्नई सुपरकिंग्स के 179 रनों के विजय लक्ष्य का पीछा करते हुये गुजरात टाइटंस एक समय 156 रन पर पांच अहम विकेट गंवा कर संघर्ष की स्थिति में पहुंच गया था मगर नये बल्लेबाज के तौर पर राशिद ने स्ट्राइक बालर दीपक चाहर के 19वें ओवर की लगातार दो गेंदो पर चौका और छक्का जड कर मैच के रूख को टाइटंस की ओर मोड़ दिया जबकि बची खुची कसर दूसरे छोर पर राहुल तेवतिया ने आखिरी ओवर में चौका और छक्का लगाकर पूरी कर दी और टाइटंस चार गेंदे शेष रहते मैच जीत गया।

शुभमन गिल (63) के बेहतरीन अर्धशतक के अलावा रिद्धिमान साहा (25) और साई सुदर्शन (22) के योगदान की बदौलत गुजरात एक समय दो विकेट पर 90 रन बना कर आराम की स्थिति में था मगर कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की चतुराई भरे गेंदबाजों के परिवर्तन से मैच 18वें ओवर के अंत तक रोमांचक स्थिति में पहुंच चुका था। राजवर्धन हैंगरगकर (36 रन पर तीन विकेट) ने विरोधी खेमे में हलचल मचायी मगर वह हार को बचा नहीं सके।

इससे पहले चेन्नई सुपरकिंग्स ने टास हार कर पहले बल्लेबाजी की। हरफनमौला सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड (92) के तूफानी प्रदर्शन की बदौलत चेन्नई ने सात विकेट पर 178 रन बनाये। रूतुराज ने अपने 50 गेंद की पारी में चार चौकों और नौ छक्कों की मदद से 92 रन बनाये मगर पारी के 18वें ओवर में वह अलजारी जोसफ की यार्कर को हिट करने के चक्कर पर लांग आन पर खड़े शुभमन गिल को कैच थमा बैठे।

रुतुराज के अलावा मोइल अली (23) ने तेज शुरूआत की मगर जल्द ही वह भी पवेलियन लौट गये। कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने आखिरी के दो ओवर में तेजी से रन जुटाने की कोशिश की और महज सात गेंद खेल कर एक चौके और एक छक्के के साथ 14 रन बनाये जिसकी बदौलत चेन्नई 178 का स्कोर खडा करने में सफल रहा।

गत विजेता गुजरात के गेंदबाजों ने सही लाइन लेंथ से गेंदबाजी की जिसके चलते चेन्नई के बल्लेबाजों को रन गति बढाने में परेशानी का सामना करना पडा। मोहम्मद शमी और अलजारी जोसफ के अलावा अनुभवी राशिद खान ने बल्लेबाजों पर अंकुश लगाये रखा। तीनों गेंदबाजों के खाते में दो दो विकेट आये।


## आईपीएल की शुरुआत में ही गुजरात टाइटंस को झटका, स्टार खिलाड़ी पूरे टूर्नामेंट से हुआ बाहर



नई दिल्ली ,। आईपीएल 2023 की शुरुआत में हो गई है। कल खेले गए पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज ऋतुरात गायकवाड़ का कैच लेने की कोशिश में गुजरात टाइटंस के स्टार खिलाड़ी केन विलियमसन चोटिल हो गए थे। इसके बाद केन विलियमसन को मैदान से तत्काल ही बाहर ले जाया गया है।

बताया जा रहा है कि केन विलियमसन के दाएं घुटने में बहुत गहरी चोट लगी है। वहीं अब यह खबर सामने आई है कि ये इतनी ज्यादा गहरी है की केन को अब वापस जाना पड़ रहा है। चोटिल होने के कारण से केन विलियमसन अब इस आईपीएल में और नहीं खेल पाएंगे।

# तटस्थ स्थान पर विश्वकप के मैच खेलने की कोई चर्चा नहीं की : सेठी




इस्लामाबाद । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने साफ किया है कि उसने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में पाकिस्तान के तटस्थ स्थान पर खेलने अथवा हाइब्रिड माडल संबंधी विचार किसी भी मंच पर नहीं रखा है।

पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा कि किसी भी स्तर पर उनके बोर्ड ने एक दिवसीय विश्वकप में पाकिस्तान के मैच तटस्थ स्थान पर रखने के विचार को किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मंच पर नहीं रखा है।

भारत इस साल अक्टूबर और नवंबर में क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी करेगा जबकि पाकिस्तान एशिया कप 2023 की मेजबानी करेगा।कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि पाकिस्तान की टीम अपने विश्व कप मैच तटस्थ स्थानों पर खेलने के बारे में विचार कर रही है। एक बयान में सेठी ने साफ किया कि एशिया कप के प्रशासकों के सामने भारत के मैचों को तटस्थ स्थल पर आयोजित करने का प्रस्ताव है लेकिन इस बात का खंडन किया कि विश्वकप में इस तरह के किसी भी उपाय को औपचारिक रूप से आईसीसी के सामने नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा, इस मामले पर अभी तक किसी भी आईसीसी फोरम में विचार नहीं किया गया है और न ही इस पर चर्चा की गई है।

## विवेक के शानदार गोलों से वायुसेना को पूरे अंक



नई दिल्ली । प्लेयर आफ द मैच विवेक कुमार के मैच विजेता प्रदर्शन और दो शानदार गोलों की मदद से भारतीय वायुसेना पालम ने अजमल फुटबाल क्लब को 3–1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन सुपर सिक्स में दूसरी जीत दर्ज की।

पहले हाफ में वायुसेना ने हल्का प्रदर्शन किया और कीमत चुकाई।

आदित्य साहा ने रक्षापंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए बॉक्स के बाहर से नपेतुले शाट से गोली दिनेश को हैरान किया। पिछड़ने के बाद वायुसेना ने खेल पर पकड़ बनाई और अपने सदाबहार स्ट्राइकर विवेक कुमार के दर्शनीय गोल से 1 1 की बराबरी की।

दूसरे हाफ के खेल में वायुसेना ने खेल पर नियंत्रण बनाया और दस खिलाड़ियों से खेलते हुए दर्शनीय जीत पाई। विवेक के तीन प्रयास गोल पोस्ट पर लगे वरना जीत का अंतर बड़ा होता। छूट पुट अवसरों पर खिलाड़ियों में तकरार हुई। लेकिन वायुसेना जीत की हकदार थी।

हमेशा की तरह वायु सैनिकों ने विवेक आकिब और मोहम्मद दानिश ने गोल करने के मौके जुटाए लेकिन अजमल की रक्षापंक्ति और गोल कीपर गोजेन बार बार आड़े आए।

## चोटिल ऋषभ की जगह अभिषेक पोरेल दिल्ली कैपिटल्स में

मुंबई । चोटिल ऋषभ पंत की जगह दिल्ली कैपिटल्स ने अभिषेक पोरेल को टीम में शामिल किया है जबकि जसप्रीति बुमराह के स्थान पर संदीप वारियर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में मुबंई का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विकेटकीपर–बल्लेबाज पोरेल ने तीन लिस्ट ए और इतने ही टी–20 मैच के अलाव 16 प्रथम श्रेणी मैचों में बंगाल का प्रतिनिधित्व किया है। भारत के लिए एकमात्र मैच चुके संदीप वारियर को सफलता नहीं मिली थी हालांकि घरेलू स्तर पर वह अब तक 68 टी–20 मैचों में 62 विकेट ले चुके हैं। वह पहले कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा थे। दिल्ली कैपिटल्स ने पोरेल को 20 लाख रुपये में खरीदा है जबकि संदीप वारियर मुबंई इंडियंस के हाथ 50 लाख रुपये में लगे हैं।

# न्यूजीलैंड से हार के बाद श्रीलंका विश्व कप में सीधे प्रवेश से चूका




हैमिल्टन ,। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय मुकाबले में मिली हार के कारण श्रीलंका के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग तालिका में आठवां स्थान हासिल करने में नाकाम रहा है।

श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने महत्वपूर्ण मुकाबले में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों के खिलाफ श्रीलंकाई बल्लेबाजों का प्रदर्शन फीका रहा और पूरी टीम 41.3 ओवरों में 157 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। मैट हेनरी (3/14), हेनरी शिपले (3/32) और डेरिल मिशेल (3/32) के कातिलाना प्रदर्शन से श्रीलंका के बल्लेबाजों को 150 रन का आंकड़ा पार करने में पसीना आ गया।

पाथुम निसाका (64 गेंदों पर 57), दासुन शनाका (36 गेंदों पर 31 रन) और चामिका करुणारत्ने (42 गेंदों पर 24 रन) ही ऐसे बल्लेबाज़ थे जिन्होंने कीवी गेंदबाजों का कुछ हद तक सामना किया।


जवाब में न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने पहले सात ओवर में तीन विकेट गंवा दिए। उनके चार बल्लेबाज चाड बोवेस, टॉम ब्लंडेल, डेरिल मिशेल और टॉम लैथम दहाई अंक के स्कोर तक पहुंचने में असफल रहे

लेकिन विल यंग (86 नाबाद) और हेनरी निकोल्स (44 नाबाद) के बीच छठे विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी ने न्यूजीलैंड की राह आसान कर दी।

इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रखंला 2–0 से जीत ली है। इस हार के साथ श्रीलंका वन डे वर्ल्ड कप में सीधे प्रवेश के लिये वेस्टइंडीज (88 अंक) से आगे निकलने में विफल रहा है। श्रीलंका ने अपने अभियान को 81 अंकों पर समाप्त किया है।

## फिल्मी सफर

# शाकुंतलम का पहला गाना मल्लिका–मल्लिका हुआ आउट



साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी आने वाली फिल्म शाकुंतलम के ग्रैंड रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं. साथ ही फिल्म के प्रमोशन्स में पूरी तरह लगी हुई हैं. शाकुंतलम का पहला सॉन्ग मल्लिका मल्लिका का वीडियो रिलीज हो गया है और सामंथा इस गाने में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. गहनों के रूप में फूलों के साथ एक सफेद पारंपरिक लहंगा पहने एक्ट्रेस सुंदरता की मिसाल दे रही हैं.

आपको बता दें कि, मल्लिका–मल्लिका शीर्षक वाला यह गीत 5 भाषाओं – तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया गया है. वीडियो में सामंथा एक तालाब के किनारे गीत गाती नजर आ रही हैं. वह सफेद रंग की साडी के साथ पीले फूलों के श्रृंगार किए नजर आ रही हैं. गीत में एक्ट्रेस धैर्यपूर्वक अपने प्रेमी की प्रतीक्षा करती है. बता दें कि, इससे पहले, जनवरी में, मल्लिका मल्लिका का लिरिकल वीडियो जारी किया गया था, और अब, अप्रैल में सिनेमाघरों में फिल्म की रिलीज से पहले पूरा वीडियो आउट किया गया है.

इस बीच, सामंथा रुथ प्रभु ने खुलासा किया था कि उनका किरदार शकुंतला 5वीं सदी जितना पुराना होने के बावजूद उनसे जुड़ता है. फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह आश्चर्यजनक है कि मैं आज भी एक समकालीन आधुनिक महिला होने के नाते कनेक्ट करती हूं. मैं उससे जुड़ती हूं और यह किरदार बहुत ही मेरे जैसा है. वह मजबूत है, वह अपने विश्वासों के बारे में मजबूत है और वह प्यार के लिए बाहर जाती है, वह दृढ़ विश्वास रखती है और जहां वह समाज में रहना चाहती है.

फिल्म के बारे में बात करें तो, शाकुंतलम दुष्यंत के पुरु राजवंश की भव्यता और वैभव को दर्शाती है. पौराणिक नाटक की कहानी सामंथा रुथ प्रभु द्वारा निभाई गई शकुंतला की महाकाव्य प्रेम कहानी और महाभारत के राजा दुष्यंत के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसे देव मोहन ने चित्रित किया है. इस फिल्म में अल्लू अर्जुन की बेटी अरहा भी अपने अभिनय की शुरुआत करने जा रही हैं और राजकुमार भरत के रूप में दिखाई देंगी. मोहन बाबू, सचिन खेडेकर, गौतमी, अदिति बालन, अनन्या नगल्ला और वार्शिनी साउंडराजन भी अन्य लोगों के साथ तेलुगु नाटक में प्रमुख भूमिकाएँ निभाते नजर आएंगे.

# सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान का नया गाना बथुकम्मा रिलीज



बॉलीवुड स्टार सलमान खान की फिल्म मोस्ट अवेटेड फिल्म किसी का भाई किसी की जान का अच्छा खासा बज बना हुआ है। इस मूवी की चर्चा हर तरफ हो रही है। साथ ही भाईजान के फैंस मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों में इस फिल्म के कई गाने रिलीज हो चुके हैं जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया है। इस बीच सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का नया गाना बथुकम्मा रिलीज हो गया है जो कि इंटरनेट की दुनिया में आग की तरह फैल रहा है। गाने में सलमान खान का लुक देखने लायक है।

बता दें कि बथुकम्मा सॉन्ग सलमान खान की फिल्म किसी की किसी का भाई किसी की जान का चौथा गाना है। यह सॉन्ग इसलिए भी खास है कि भाईजान इसमें साउथ इंडियन लुक में नजर आ रहे हैं। इस गाने के बोल तेलुगु और हिंदी भाषा में हैं। साउथ इंडियन लोगों में इस सॉन्ग को लेकर अलग ही क्रेज देखने को मिल रहा है। सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट डालकर इस गाने के बारे में जानकारी दी है। सॉन्ग में पूजा हेगड़े भी दिखाई दे रही हैं। गाने में पूजा की खूबसूरती देखने लायक है। वहीं फैंस इस गाने पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं।

बताते चलें कि सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। मालूम हो कि सलमान द्वारा निर्मित इस मूवी में वेंकटेश दग्गुबाती, जगपति बाबू, भूमिका चावला, अभिमन्यू सिंह, शहनाज गिल, जस्सी गिल, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, पलक तिवारी भी है।

## रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव का नया पोस्टर जारी



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन की बहन नूपुर सैनन सुपरस्टार रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के साथ पैन इंडिया डेब्यू करने जा रही हैं। ये तेलुगु इंडस्ट्री में भी उनकी पहली फिल्म होगी। अब फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है। बुधवार को निर्माताओं ने ऐलान किया कि यह फिल्म 20 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। टाइगर नागेश्वर राव में गायत्री भारद्वाज, रेणु देसाई, जिशु सेनगुप्ता और अनुपम खेर भी हैं।

कैप्शन में अनुपम ने लिखा, मेरी तेलुगू फिल्म हैसटैग टाइगर नागेश्वर राव 20 अक्टूबर 2023 को रिलीज के लिए तैयार है।

निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर भी साझा किया है, जिसे देश प्रशंसकों का उत्साह काफी बढ़ गया है। टाइगर नागेश्वर राव एक पैन–इंडिया फिल्म है तो इसे निर्माता कई भाषाओं में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। वामसी इस फिल्म के डायरेक्टर हैं। द कश्मीर फाइल्स के प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल ही इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। टाइगर नागेश्वर राव एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें आपको जबरदस्त एक्शन दृश्य देखने को मिलेंगे।टाइगर नागेश्वर राव कुख्यात चोर की बायोपिक है और 70 के दशक में स्टुअर्टपुरम नामक गांव में स्थापित है। अभिनेता के लिए पहले कभी नहीं देखे गए किरदार में रवि तेजा की बॉडी लैंग्वेज, बोलने का अंदाज और गेटअप बिल्कुल अलग है।

## पहले दिन अजय देवगन की फिल्म ने की सधी शुरुआत, डबल डिजिट में हुई कमाई



बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन और तबू स्टारर फिल्म भोला ने बॉक्स ऑफिस पर सधी शुरूआत की है। दृश्यम 2 की बंपर सक्सेस के बाद फैंस को भी अजय देवगन की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। फिल्म को मेकर्स ने रामनवमी के दिन रिलीज किया था। हालांकि इसका खास फायदा नहीं हुआ। गुरुवार होने की वजह से फिल्म को लिमिटिड ओपनिंग मिली है। फिल्म की एडवांस बुकिंग भी ज्यादा बेहतर स्थिति पेश नहीं कर रही थी। इस वजह से शुरू से ही ट्रेड पंडित कयास लगा रहे थे कि फिल्म पहले दिन करीब 10–12 करोड़ रुपये की ही ओपनिंग ले सकेगी।

अब हुआ भी कुछ ऐसा ही है। फिल्म स्टार अजय देवगन और तबू की फिल्म भोला ने पहले दिन थियेटर्स से कुल 11.20 करोड़ रुपये की कमाई की है। ये आंकड़े ज्यादा अच्छे नहीं हैं। मगर खराब भी नहीं है। अब इसके आगे फिल्म को दर्शकों से मिले पॉजिटिव रिव्यूज ही काम आएंगे। जो आने वाले दिनों में फिल्म भोला की ऑक्यूपेंसी में इजाफा दर्ज करवा सके और फिल्म एक अच्छी कमाई अपने खाते में जोड़ सके।बता दें कि क्योंकि इस फिल्म में हैवी वीएफएक्स वर्क का इस्तेमाल हुआ है। जिसकी वजह से फिल्म की लागत करीब 100 करोड़ रुपये पहुंच गई है। ऐसे में जरूरी है कि अजय देवगन के ही निर्देशन में बनी ये फिल्म थियेटर्स से करीब 120 करोड़ से ऊपर की कमाई हासिल कर सके।जिन्हें जानकारी नहीं हैं उन्हें बता दें कि अजय देवगन और तबू की ये फिल्म ब्लॉकबस्टर तमिल फिल्म कैथी की हिंदी रीमेक है। तमिल भाषा में इस फिल्म का निर्देशक लोकेश कनगराज ने किया था। अब इसी फिल्म को अजय देवगन ने अपने ही अंदाज में रीक्रिएट किया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com